संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 19 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



संसद ने मंगलवार को मणिपुर के बजट और राज्य से संबंधित अनुदान की अनुपूरक मांगों को मंजूरी दे दी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 75 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## सुनियोजित थी नागपुर हिंसाः सीएम फडणवीस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर हिंसा को सुनियोजित हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक सामग्री जलाने की अफवाह फैलाई गई। हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सीएम फडणवीस ने कहा है कि कानून-व्यवस्था को हाथ में लेने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। हिंसा में तीन पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) घायल हुए हैं और एक डीसीपी पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। सीएम ने कहा कि औरंगजेब के खिलाफ फिल्म छावा ने गुस्से को बढ़ाया है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

**पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**
विधानसभा में सीएम फडणवीस ने कहा कि नागपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद धार्मिक सामग्री को जलाने की अफवाह फैलाई गई। यह एक सुनियोजित हमला लगता है। किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। सीएम ने कहा कि पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# महाकुंभ में अनेक अमृत निकले: मोदी

● एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद, प्रधानमंत्री मोदी, राहुल बोले- भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी

**एकता का अमृत**

▶▶ महाकुंभ में अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है : प्रधानमंत्री मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बजट सत्र के दूसरे फेज के पांचवें दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को लेकर संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है। पीएम कहा कि महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के दर्शन हुए और महाकुंभ के उत्साह-उमंग को महसूस किया। देश की सामूहिक चेतना का नतीजा महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। पीएम मोदी ने मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के गंगा तालाब में त्रिवेणी का पवित्र जल डाला। अनेकता में एकता हमारी बहुत बड़ी ताकत है। इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें, ये हमारा दायित्व है। इधर, राहुल गांधी ने मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा- मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उस पर भी बोलना चाहिए था।

**महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा**
पीएम ने कहा कि हमारे देश में कई छोटी-बड़ी नदिया हैं, कुछ ऐसी हैं जिन पर संकट आ रहा है। कुंभ से हमें दिखा कि नदी उत्सव को विस्तार देना होगा। पीढ़ी को पानी का महत्व पता चलेगा, साफ-सफाई को बल मिलेगा, नदियों की रक्षा होगी। भरोसा है कि महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा।



## त्रिवेणी का जल लेकर मॉरीशस गया थाः पीएम मोदी

**पीएम** बोले- ये उमंग ये उत्साह सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं था। बीते हफ्ते मैं मॉरीशस में था। त्रिवेणी से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर वहां गया था। जब उस पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया गया, तो श्रद्धा-आस्था और उत्सव का माहौल देखते ही बनता था। ये दिखाता है कि आज हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात करने की, उत्सव मनाने की भावना कितनी प्रबल हो रही है। मैं ये भी देख रहा हूं कि पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कारों के आगे बढ़ने का क्रम कितनी सहजता से आगे बढ़ रहा है।



**राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा में देखा था कि कैसे देश अगले 1000 साल के लिए तैयार हो रहा है**
**मोदी** बोले- पिछले वर्ष अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में देखा था कि कैसे देश अगले 1000 साल के लिए तैयार हो रहा है। एक साल बाद महाकुंभ के आयोजन ने ये दिखा दिया है। देश की सामूहिक चेतना, देश का सामर्थ्य बताती है। मानव जीवन और देश के लिए कई ऐसे अवसर आते हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बन जाते हैं। हमारे लिए भी ऐसे पल आए हैं, जब देश को झकझोर कर एक कर दिया गया। प्रधानमंत्री बोले- महाकुंभ जैसे आयोजन राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्र के नए संकल्पो की तरफ ले जाती है, ये उनकी सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। महाकुंभ ने शंकाओं-आशंकाओं को भी जवाब दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी को रोजगार के बारे में बोलना चाहिएः राहुल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए 'महाकुंभ' के सफल आयोजन के बाद मंगलवार को लोकसभा को संबोधित किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाकुंभ पर वक्तव्य दिए जाने के बाद मंगलवार को कहा कि उन्होंने (मोदी ने) आयोजन स्थल पर भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी और सदन में विपक्ष के नेता के तौर पर उन्हें बोलने नहीं मौका नहीं मिला। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को रोजगार के बारे में बोलना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा, "मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए।

# रास में सोनिया ने उठाया मनरेगा का मुद्दा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः कांग्रेस** संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राज्यसभा (रास) में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के लिए बजट आवंटन का मुद्दा उठाया और कहा कि यह केंद्रीय बजट 2025 में स्थिर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना में लोगों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन किए जाने की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान मनरेगा का मुद्दा उठाते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि इस योजना को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें आधार-आधारित भुगतान प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली, मजदूरी भुगतान में लगातार देरी और मुद्रास्फीति की भरपाई के लिए अपर्याप्त मजदूरी दरें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की गहरी चिंता है कि वर्तमान सरकार ने इस योजना को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है और बजट आवंटन 86,000 करोड़ रुपये पर स्थिर है। आवंटित बजट में वास्तव में 4,000 करोड़ रुपये की कमी आई है। इसके अलावा अनुमान बताते हैं कि आवंटित धन का लगभग 20 प्रतिशत पिछले वर्षों के लंबित बकाये को चुकाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। सोनिया ने कहा कि इन ज्वलंत चिंताओं के मद्देनजर कांग्रेस मांग करती है कि लाखों ग्रामीण गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में इस योजना को बनाए रखने और इसे विस्तार देने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किया जाए। न्यूनतम दैनिक मजदूरी 150 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये की जाए।

**आवंटन**

▶▶ मनरेगा का मुद्दा उठाते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि इस योजना को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

# एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स 9 महीने बाद अंतरिक्ष से रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**फ्लोरिडाः** अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी आज, 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 08:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सुनीता विलियम्स को लेटर लिखा है, जिसमें उन्होंने सुनीता की धरती पर सुरक्षित वापसी की कामना की है।



**स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में कितना समय लगेगा?**
इस सफर में करीब 17 घंटे लगेंगे। नासा की ओर से इस इवेंट का एक अनुमानित शेड्यूल जारी किया गया है। इसमें मौसम के कारण बदलाव भी हो सकता है।

**लैंडिंग आज**

▶▶ 10:35 बजे स्पेस स्टेशन से अलग हुआ यान, कल सुबह 3:27 बजे समुद्र में लैंडिंग

## राजनाथ सिंह ने नीदरलैंड के रक्षा मंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक की। दोनों रक्षा मंत्रियों ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान, हिंद-प्रशांत और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने जहाज निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी और पैमाने में पूरकता को अधिकतम किया जा सके।




चुनाव आयोग आधार और वोटर आईडी कार्ड को लिंक करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में यूआईडीएआई और चुनाव आयोग के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है। आयोग ने निर्णय लिया है कि आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार होगा।

# भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन...',

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स धरती पर वापसी करने को तैयार हैं। अंतरिक्ष में फंसी सुनिता अपने साथी बुच विलमोर के साथ वापसी के लिए अंतरिक्ष यान में सवार हो चुकी हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स को चिट्ठी लिखी है।

**पीएम मोदी ने लिखी चिट्ठी**
पीएम मोदी ने पत्र लिख कहा कि भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। पीएम के इस पत्र को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने साझा किया है। जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया, "जबकि पूरी दुनिया सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की इस बेटी के लिए अपनी चिंता अलग तरह से व्यक्त की।"



**पीएम ने क्या लिखा?**
पीएम मोदी ने अपने पत्र में सुनीता विलियम्स की खूब तारीफ की। पीएम ने कहा, मैं आपको भारत के लोगों की ओर से शुभकामनाएं देता हूं। आज एक कार्यक्रम में मैं प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से मिला।

**पत्र लिखा**

▶▶ अंतरिक्ष में फंसी सुनिता अपने साथी बुच विलमोर के साथ वापसी के लिए अंतरिक्ष यान में सवार हो चुकी हैं

# रिपोर्ट- देश के 45% विधायकों पर क्रिमिनल केस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चुनाव सुधार पर काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45% विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एडीआर ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का एनालिसिस किया। आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 (79%) विधायकों ने जबकि, सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक (3%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 (86%) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, किडनैपिंग और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। 24 विधायकों के हलफनामे का एनालिसिस खराब स्कैनिंग की वजह से नहीं किया जा सका, जबकि विधानसभाओं में सात सीटें खाली हैं।



**127 विधायकों पर महिलाओं से जुड़े अपराध के मामले**
रिपोर्ट के अनुसार, 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं।

**हत्या की**

▶▶ 1205 पर गंभीर आरोप; सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश के 79% एमएलए दागी, सबसे कम सिक्किम के

## दिहुली हत्याकांडः 44 साल बाद तीन को फांसी की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मैनपुरीः** फिरोजाबाद के जसराना के गांव दिहुली में 18 नवंबर 1981 को हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या में मंगलवार को कोर्ट ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। कोर्ट से आदेश होने के बाद पुलिस तीनों को जिला कारागार मैनपुरी ले गई। वहां उन्हें दाखिल किया गया। एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की अदालत में सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को मैनपुरी जिला कारागार से भारी सुरक्षा के बीच लाकर पेश किया गया।

**साधा निशाना** | वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान हिमाचल को केवल 3,257 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) मिलेगा

# केंद्र से राजस्व घाटा अनुदान घटने से बजट का आकार हुआ कम : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के बजट आकार में आई कमी के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान हिमाचल को केवल 3,257 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) मिलेगा जो पहले की तुलना में काफी कम है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय प्रदेश को 16,000 करोड़ रुपये जीएसटी मुआवजे के रूप में मिले थे लेकिन उस राशि का सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया।



**पूर्व सरकार ने कर्ज चुकाने के बजाय धन का दुरुपयोग कियाः सुक्खू**
मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के पास जीएसटी मुआवजे के रूप में पर्याप्त धन था लेकिन इसे प्रदेश के कर्ज को कम करने के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यदि उस धन का सही उपयोग किया गया होता तो प्रदेश पर मौजूदा कर्ज भार इतना अधिक नहीं होता। सुक्खू ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल को कर्ज लेने की अधिक छूट मिली थी। उस समय प्रदेश को सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 4.5 फीसदी और बाद में 3.5 फीसदी तक कर्ज लेने की अनुमति थी लेकिन अब केंद्र सरकार ने इसे घटाकर केवल 3 फीसदी कर दिया है।

इससे प्रदेश के वित्तीय संसाधनों पर और अधिक दबाव बढ़ गया है।

**जीएसटी चोरी पर रोक लगाने का दावा**
मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश में जीएसटी चोरी को सख्ती से रोका है जिससे अब राज्य के राजस्व में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले बड़े पैमाने पर कर चोरी होती थी जिससे प्रदेश को करोड़ों रुपये की हानि होती थी।

**स्पष्ट किया**

▶▶ पूर्व सरकार के पास जीएसटी मुआवजे के रूप में पर्याप्त धन था लेकिन कर्ज को कम करने के लिए इस्तेमाल नहीं किया

# नागपुरः हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नागपुरः** नागपुर के महल इलाके में सोमवार शाम 7:30 बजे हिंसा भड़क गई। इसके बाद पथराव और तोड़-फोड़ शुरू हो गई। नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है। दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 जेसीबी जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को अरेस्ट किया गया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है। जिस जगह बवाल हुआ, वहां वाहनों की पार्किंग थी। बाइक-कार मिलाकर 50 से ज्यादा वाहनों में आग लगाई गई। औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। वीएचपी के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई।



**बवाल**

▶▶ 50 अरेस्ट, 33 पुलिसकर्मी घायल, इनमें 3 ऊढ; संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बेरिकेडिंग

# चेंजिंग रूम में मिली जिम ट्रेनर की डेडबॉडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के शक्ति खंड दो में फिटनेस वन जिम में सोमवार रात को संदिग्ध हालात में ट्रेनर चेंजिंग रूम में मृत मिला। काफी देर तक बाहर नहीं आने और मोबाइल बाहर टेबल पर रखा देखकर केयर टेकर ने मालिक को जानकारी दी। बगल के चेंजिंग रूम से कूदकर अंदर गए और दरवाजा खोलकर ट्रेनर को अस्पताल ले गए। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। जहां अस्पताल में डॉक्टर ने ट्रेनर को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान न्याय खंड तीन के गणेश शर्मा के रूप में हुई है।

**शरीर पर नहीं चोट के निशान:** पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि कोई शिकायत नहीं मिली है। शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चल सकेगा।

उधर, एक अन्य मामले में ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र पंचलोक गांव में शराब के ठेके की कैटीन में चने लेने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर शनिवार शाम चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

## उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04

निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.03.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.03.2025 से बढ़ाकर 28.04.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 12.03.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 832/25

## उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03

निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.03.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.03.2025 से बढ़ाकर 28.04.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। **नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 12.03.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 830/25

## उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02

निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.03.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.03.2025 से बढ़ाकर 28.04.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। **नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 12.03.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 831/25

## उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.स. | निविदा स. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82255009 | नेत्र विज्ञान के लिए ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप पीडीएफ के अनुसार संलग्न है | 1 | 10.04.2025 |
| | प्री–बिड मीटिंग दिनांक 26.03.2025 को DYCMM/NRCH कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएगी | | | |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. 8225009/MED/PART-II दिनांक:– 18.03.2025 842/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीमा बनी 5वीं बार मां तो सचिन पहली बार पिता

**नई दिल्ली :** ग्रेटर नोएडा के स्वर्ण नगरी स्थित कृष्णा लाइफ लाइन अस्पताल में मंगलवार सुबह करीब 4 बजे पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने एक बच्ची को जन्म दिया। सामान्य प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की हालत स्वस्थ होने पर दोनों को दोपहर में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। सीमा के मां बनने के बाद घर पहुंचने पर परिवार ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ फूल बरसा कर स्वागत किया। परिवार के लोग जमकर नाचे और झूमे। सीमा के पांचवें बच्चे की मां बनी है। जबकि जबकि सचिन मीणा का यह पहला बच्चा है। बच्ची के बाद से सचिन के परिवार में खुशी की लहर है। दोनों ने जल्द ही बच्ची के नामकरण की बात कही है। सीमा को सोमवार को प्रसव पीड़ा हुई थी। जिसके बाद सचिन और उनका परिवार उन्हें ग्रेटर नोएडा के कृष्णा अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों की देखरेख में मंगलवार उन्होंने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। जैसे ही सीमा के मां बनने खबर आई। सोशल मीडिया एक्स पर वह ट्रेंड करने लगी। पूरे दिन सोशल मीडिया पर सीमा के मां बनने का मुद्दा छाया रहा। वहीं बच्चे के जन्म के बाद सीमा और सचिन ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल परिसर में सीमा के कमरे में महिला कांस्टेबल भी उनके साथ रही। दोपहर करीब दो बजे अस्पताल प्रबंधन की ओर से उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। परिवार का कहना है कि सीमा और उनकी बच्ची ठीक है। वह बेटी के जन्म से वे बहुत खुश हैं।

# हजारों लोगों को मिल सकता है नए मकान का तोहफा

**गाजियाबाद।** तुलसी निकेतन योजना के तहत बने मकानों में रह रहे लोगों को इस बार बोर्ड बैठक से काफी उम्मीदें है। मंगलवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की होने वाली बोर्ड बैठक में योजना के जर्जर हो चुके मकानों को तोड़कर बहुमंजिला इमारत बनाने का प्रस्ताव एजेंडे में शामिल किया गया है। बैठक में यदि यह प्रस्ताव पास हो जाता है तो इससे तुलसी निकेतन के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने वर्ष 1990 में आठ हेक्टेयर जमीन में 2004 ईडब्ल्यूएस व 288 एलआइजी फ्लैट बनाकर तुलसी निकेतन कॉलोनी बसाई थी। फ्लैटों के आवंटन के बाद लोगों ने इमारत की समय-समय पर मरम्मत नहीं कराई। इससे इमारत जर्जर हो गईं। प्लास्टर टूटकर गिरने लगे। जीडीए ने जामिया मिलिया इस्लामिया की टीम से निरीक्षण कराया तो पता चला कि इमारत जर्जर है।

## नाम परिवर्तन

मैं रमेश चंद खत्री पुत्र श्री लाल चंद खत्री मकान नं. 1, गली नं.1 साफियाबाद रोड़, पानी टंकी के नजदीक, संजय कॉलोनी, नरेला, दिल्ली-110040 का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड नं. 7490 1207 5113 में मेरा नाम रमेश चंद्र खत्री उल्लेखित हैं वहीं पासपोर्ट नं. B952488 मेरा नाम रमेश खत्री उल्लेखित है, जोकि गलत है। रमेश चंद खत्री और रमेश खत्री दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। भविष्य में मुझे रमेश चंद खत्री के नाम से जाना जाए।

## उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | 03 वर्ष की अवधि के लिए दिल्ली मंडल के टावर वैगनों का अनिवार्य सामग्री/ पुर्जो की आपूर्ति और स्थापना तथा अनुसूचित रखरखाव सहित वार्षिक रखरखाव। | | | | |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | | | | 09.04.2025 (15.00 बजे) | |
| अनुमानित लागत | ₹ 9,20,96,162.44/- | निविदा छपाई की लागत | 07041032 | बयाना राशि | ₹ 6,10,500/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | | 26.03.2025 (10.30 बजे) से 09.04.2025 (15.00 बजे तक) | | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | | | www.ireps.gov.in | |

निविदा संख्याः 55-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांकः 17.03.2025 824/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव, पुत्रः मुकेश, पताः ई–4/555, गली नं. 8, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 805/2019, U/s 392/411/34 IP, पुलिस थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गौरव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 805/2019, U/s 392/411/34 IP, पुलिस थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **गौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06
शाहदरा जिला, कमरा नं. 25
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/901/SHD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पप्पु गुप्ता पुत्र रामबहादुर गुप्ता पताः मकान नं.80, गली नं.3, रेलवे कॉलोनी, मंडावली, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 368/2017 धारा 509/506/341/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मंडावली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पप्पु गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पप्पु गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 368/2017 धारा 509/506/341/34 भा.द.स. के तहत थानाः मंडावली, दिल्ली के उक्त पप्पु गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सचिन
न्यायिक दण्डाधिकार प्रथम श्रेणी–03
पुर्वी जिला, कोर्ट नं.16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/791/ED/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश शर्मा, पुत्र श्री दीना नाथ शर्मा, निवासी फ्लैट नंबर 7–डी, ध्रुव अपार्टमेंट, सेक्टर 13, रोहिणी, उत्तर पश्चिम दिल्ली–110085** ने **Case Reg. No. 375/2020, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश शर्मा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश शर्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 375/2020, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश शर्मा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर, कोर्ट नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2990/NW/2025 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसरुद्दीन पुत्र** निज़ामुद्दीन, **निवासीः** झुग्गी सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली, ने **E-FIR No. 0069/23, U/S 380/457/34 IPC, पुलिस स्टेशन बुद्ध विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसरुद्दीन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसरुद्दीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 0069/23, U/S 380/457/34 IPC, पुलिस स्टेशन बुद्ध विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नसरुद्दीन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0–112, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3355/RD/2025 (Court Matter)



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025



होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार हैः–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| **दिनांक 20.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीातापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| **दिनांक 21.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| **दिनांक 22.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| **दिनांक 23.03.2025 (रविवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 0800 | मुज़फ्फरपुर जं. | 00:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 02526 | आनन्द विहार (ट.) | 17:20 | कामाख्या जं. | 03:40 | अलीगढ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जं., गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम एवं गोवालपाड़ा टाउन स्टेशन |
| **दिनांक 24.03.2025 (सोमवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, एवं दानापुर स्टेशन |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# नई सरकार से लोगों को बहुत उम्मीदें: बिरला

## नव-निर्वाचित विधायकों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी उपकरणों के साथ खुद को बेहतर बनाने का आग्रह किया

**आह्वान**

▶▶ मंगलवार को दिल्ली विधानसभा को 'मॉडल' विधानसभा के रूप में विकसित करने का आह्वान किया






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नवनिर्वाचित विधायकों के लिए उद्घाटन किया। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी कार्यक्रम में मौजूद हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा को 'मॉडल' विधानसभा के रूप में विकसित करने का आह्वान किया है। उन्होंने नव-निर्वाचित विधायकों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी उपकरणों के साथ खुद को बेहतर बनाने का आग्रह किया। बिरला ने कहा कि एक अच्छा वक्ता सबसे अच्छा श्रोता भी होता है। उन्होंने विधायकों से विधानसभा के विधायी कार्यों में भाग लेने के लिए समय निकालने का आग्रह किया। बिरला ने कहा कि लोगों को विधायकों और राजधानी की नई सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। राजधानी के रूप में दिल्ली एक 'मिनी इंडिया' की तरह है। जो विभिन्न राज्यों के लोगों की विविधता का प्रतिनिधित्व करती है। जो विविध भाषाओं, संस्कृति और धर्मों के साथ यहां रहते हैं। ओरिएंटेशन कार्यक्रम लोगों की अपने विधायकों और नई सरकार से उच्च अपेक्षाओं को पूरा करने के तरीके सीखने में मददगार होगा। उद्घाटन सत्र में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और दिल्ली के सांसद भी मौजूद थे।

## दिल्ली सरकार आयुष्मान भारत योजना को लेकर 10 अप्रैल करेगी केंद्र के साथ समझौता

**नई दिल्ली: दिल्ली सर**कार जल्द ही आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना को लेकर केन्द्र सरकार से समझौता करेगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। दिल्ली के स्वास्थ मंत्री पंकज सिंह ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू करने के लिए 10 अप्रैल को केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य एक महीने के भीतर एक लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा योजना में नामांकन करना है।

# डीएमआरसी ने इग्नू स्टेशन पर सुरंग बनाने में सफलता हासिल की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने मंगलवार को एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर (गोल्डन लाइन) के इग्नू स्टेशन साइट (छतरपुर मंदिर से) पर टनल बोरिंग मशीन की सफलता के साथ चौथे फेज के सबसे गहरे भूमिगत हिस्से पर सुरंग बनाने का काम पूरा किया। यह उपलब्धि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में हासिल की गई। इस अवसर पर दिल्ली के उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन मंत्री, मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। यह नई सुरंग औसतन 27.0 मीटर (न्यूनतम गहराई 15.0 मीटर और अधिकतम 39 मीटर) की गहराई पर बनाई गई है, जो दिल्ली मेट्रो की सबसे गहरी सुरंगों में से एक है। उल्लेखनीय है कि छतरपुर मंदिर और इग्नू के बीच एक और समानांतर सुरंग का काम 25 फरवरी को पूरा हो गया था। इसलिए अब इस चुनौतीपूर्ण खंड पर अप और डाउन दोनों लाइनों पर सुरंग बनाने का काम पूरा हो गया है। मैजेंटा लाइन पर तीसरे फेज में हौज खास में लगभग 30 मीटर की गहराई पर सुरंग बनाई गई थी। जबकि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के लिए एक और सुरंग राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के नीचे लगभग 45 मीटर की गहराई पर गुजरती है। डीएमआरसी द्वारा मिली जानकारी के अननुसार इस सुरंग में लगभग 1048 रिंग लगाए गए हैं। जिनका आंतरिक व्यास 5.8 मीटर है। सुरंग का निर्माण ईपीबीएम (अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग मेथड) की सिद्ध तकनीक का उपयोग करके किया गया है, जिसमें प्रीकास्ट टनल रिंग से बनी कंक्रीट लाइनिंग है। इन टनल रिंग को मुंडका में स्थापित पूरी तरह से मशीनीकृत कास्टिंग यार्ड में कास्ट किया गया था। डीएमआरसी के अनुसर कंक्रीट सेगमेंट की शीघ्र मजबूती के लिए स्टीम क्योरिंग सिस्टम से इनकी क्योरिंग की गई।

**उपलब्धि**

▶▶ चौथे फेज के सबसे गहरे भूमिगत हिस्से पर सुरंग बनाने का काम पूरा किया



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता टीबी मुक्त भारत अभियान में दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे।

# रेलवे स्टेशन में कुली ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अजमेरी गेट के पास पार्क में एक कुली ने पेड़ से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान राम प्रसाद योगीके रूप में हुई है। पुलिस को घटनास्थलसे कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल, नई दिल्ली रेलवे पुलिस बीएनएसएसकी धारा 194के तहत मामले की जांच कर रही है।पुलिस के मुताबिक राम प्रसाद योगी अपने छोटे बेटे के साथ नबी करीम इलाके में किराए के मकान में रह रहे थे। उनका बड़ा बेटा इग्नू से स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले राम प्रसाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में वर्ष 2008 से (बिल्ला नंबर 1413) कुली का काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिकमंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अजमेरी गेट स्थित पार्क में एक शख्स फंदे पर लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस नेफंदे से उतारकर शख्स को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह कम आय के कारण अवसाद में थे। वह पिछले चार दिनों से घर भी नहीं गए थे।

# जेके सांसद इंजीनियर राशिद को हाईकोर्ट से झटका




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने जम्मू कश्मीर से सांसद इंजीनियर राशिद की याचिका पर सुनवाई 25 मार्च तक के लिए टाल दी है। एनआईए की तरफ से जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह और न्यायमूर्ति अनूप जे भंबानी की पीठ में एनआईए ने कहा कि ट्रायल कोर्ट 19 मार्च को राशिद की जमानत याचिका पर फैसला सुनाने वाली है। ऐसे में सुनवाई को टाल दिया जाना चाहिए। जिसके बाद अदालत ने मामले को 25 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है।

**जेल से बचने के लिए संसदीय पद का लाभ नहीं दिया जा सकता: एनआईए**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बारामुला से सांसद इंजीनियर राशिद की कस्टोडियल पैरोल का विरोध किया। अदालत में एनआईए ने कहा कि इंजीनियर राशिद को कारावास की कठोरता से बचने के लिए अपने संसदीय दर्जे का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राशिद ने 10 मार्च के ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है, जिसमें उन्हें 4 अप्रैल तक लोकसभा की कार्यवाही में शामिल होने के लिए हिरासत पैरोल या अंतरिम जमानत देने से इन्कार कर दिया गया था। जांच एजेंसी ने कहा कि सांसद पर आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गंभीर आरोप हैं। एनआईए ने तर्क दिया कि राशिद को न तो अंतरिम जमानत दी जा सकती है और न ही हिरासत पैरोल दी जा सकती है।

**अरेस्ट**

▶▶ एनआईए ने कहा कि ट्रायल कोर्ट 19 मार्च को राशिद की जमानत याचिका पर फैसला सुनाने वाली है




# फरीदाबाद के विकास में नहीं रहेगी कोई कमीः राजेश

**सराहना**

**राजेश नागर ने मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में फरीदाबाद के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट 2025 में फरीदाबाद के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की है। उन्होंने आज फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के विकास कार्यों के लिए दिए गए 600 करोड़ रुपए के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने फरीदाबाद विकास प्राधिकरण के लिए 600 करोड़ रुपए की घोषणा के लिए भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस राशि से शहर में पेयजल की आपूर्ति एवं सीवरज व्यवस्था और सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही सीईटीपी की स्थापना की जाएगी जिसमें सीवरज के पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा। नागर ने कहा कि बजट में फरीदाबाद के लिए कुल 11 घोषणाएं की गई हैं। बजट में शहर के बुनियादी ढांचे के विकास, किसान, महिलाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल पर विशेष ध्यान दिया गया है। किसानों के हित में भी कई घोषणाएं की गई हैं। इसके साथ साथ सूरजकुंड मेला अब साल में दो बार आयोजित किया जाएगा। नागर ने कहा कि यह बजट हरियाणा वासियों के लिए मनभावन है और खुशियों की सौगात लेकर आया है। उन्होंने कहा कि बजट राशि मिलने से विकास में तेजी आएगी और नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 12 में से 6 मांगों को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री की

## अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर की जाएगी लिंगानुपात की निगरानी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ अभियान को अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को इकाई मानकर चलाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रदर्शन संतोषजनक न पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) को प्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अनुसार लिंगानुपात विश्लेषण करने के निर्देश दिए। इस संबंध में खराब प्रदर्शन करने वाले सीएचसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सुधीर राजपाल मंगलवार को यहां स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें जन्म के समय लिंगानुपात में और सुधार लाने के लिए लागू किए जा रहे विभिन्न उपायों की प्रगति की समीक्षा की गई। एसीएस ने इस चुनौती से निपटने के लिए एक केंद्रित, बहु-विभागीय दृष्टिकोण पर भी बल दिया। बैठक में, राजपाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग को राज्य में लिंगानुपात को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों को बढ़ाने का भी निर्देश दिया।

इस घोषणा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आज कहा कि बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए फरीदाबाद में छात्रावास की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा है, जिससे बाहर से नौकरी पर आने वाली महिलाओं को राहत मिलेगी। सरकारी अस्पताल में अत्याधुनिक मातृत्व - शिशुत्व केंद्र स्थापना की घोषणा भी बजट में की गई है। इसके अलावा अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी निर्माण होगा। लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बल्लभगढ़ में नया बस स्टैंड बनाने की मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया। इससे बल्लभगढ़ से सफर करने वाले हजारों यात्रियों को फायदा होगा। मॉडल संस्कृति स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स की स्थापना की जाएगी जिससे छात्रों को आरम्भ से ही खेलों से जोड़ा जाएगा। नागर ने कहा कि फरीदाबाद में किसानों के लिए बीज प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होगी। इससे किसान उच्च स्तर का बीज सही दामों पर खरीद सकेंगे। फरीदाबाद में बागवानी मिशन की शुरूआत भी एक नई सौगात है।

# प्रदर्शनी का मंत्री श्रुति चौधरी ने लिया जायजा

**भागीदारी**

**जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी पंचकूला के एचवीपीएन पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में सिंचाई विभाग द्वारा तैयार की जा रही प्रदर्शनी का जायजा लेने पहुंचीं। प्रदर्शनी में जल शक्ति अभियान को लेकर आर्ट एंड कल्चर विभाग द्वारा अपनी कलाकृतियां तैयार की जा रही है जिन्हें 22 मार्च को पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान सिंचाई विभाग के एसीएस अनुराग अग्रवाल, एचडब्ल्यूआरए की चेयरपर्सन श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा भी मौजूद रहीं। श्रीमती श्रुति चौधरी ने विभाग द्वारा तैयार की जा रही कलाकृतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान के मद्देनजर होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के साथ-साथ अन्य विशिष्ट अतिथि भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। केबिनेट मंत्री ने बताया कि जल शक्ति अभियान - कैच द रेन - के छठे संस्करण का शुभारंभ 22 मार्च को पंचकूला से किया जाएगा। इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों, महिलाओं और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा सरकार करेगी ओवरहेड बिजली लाइनों का स्थानांतरण - अनिल विज

**चंडीगढ़, 18 मार्च** – हरियाणा के ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों जहां ओवरहेड बिजली लाइनों के कारण आवासीय इलाकों में सुरक्षा संबंधी खतरा बना हुआ है वहां बिजली की तारों को स्थानांतरित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई गई है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने यह जानकारी महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह के प्रश्न के उत्तर में विधानसभा सत्र के दौरान दी। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 163 ऐसे स्थानों की पहचान की गई है, जहाँ बिजली की तारें रिहायशी मकानों के ऊपर से गुजर रही हैं। इन तारों को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है और इस कार्य को छह महीनों के भीतर पूरा करने की योजना है। अनिल विज ने बताया कि सरकारी खर्च पर 55.84 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बड़े पैमाने पर जनता के हित में इन लाइनों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

### प्रदेश का लिंगानुपात जो 2015 में 835 था आज बढ़कर 910 हो गयाः सीएम

**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बेटियों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पानीपत से 23 जनवरी, 2015 को आरम्भ किये गये बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्र व्यापी अभियान के परिणामस्वरूप लोगों में चेतना आई और प्रदेश का लिंगानुपात जो 2015 में 835 था आज बढ़कर 910 हो गया है। मुख्यमंत्री आज बजट सत्र के दौरान डा0 रघुबीर सिंह कादियान द्वारा उठाए गये एक मुद्दे पर सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान हर वर्ग के लिए था और यह कोई राजनैतिक अभियान नहीं था। प्रधानमंत्री ने घटते लिंगानुपात पर चिंता जाहिर करते हुए बेटियों को बचाने के लिए यह अभियान शुरू किया था। इस पर राज्य सरकार तीव्र गति से कार्य कर रही है। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि कांग्रेस सरकार के समय में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना का लाभ लेने के लिए बुजुर्गों को लम्बा इंतजार करना पड़ता था, कि कब उनकी पेंशन आएगी, पर आज हमने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि जैसे ही कोई व्यक्ति 60 वर्ष की आयु पूरी करता है तो उसकी पेंशन ऑटोमैटिक बन जाती है। अब पेंशन के लिए किसी बुजुर्ग को इंतजार नहीं करना पड़ता है।

### प्रदेश के बजट में खेल पर दिए गए विशेष फोकस स्वागत के योग्य -खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम

**चंडीगढ़/शिव चरण शर्मा**
हरियाणा के खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में पेश किए वर्ष 2025-26 के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट हरियाणा के युवाओं को प्रदेश की खेल नीति के अनुरूप अवसर मुहैया करवाएगा। आने वाले समय प्रदेश की नई खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी उन्होंने कहा कि हरियाणा खेल अवसंरचना को और अधिक सशक्त बनाने, उभरते खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने और राज्य को एक वैश्विक खेल शक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए बजट 2025-26 में कई नए प्रस्तावों का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के 5 विश्वविद्यालयों, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी में नए खेल उत्कृष्टता केन्द्र खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि बजट में वर्ष 2036 में होने वाले ओलम्पिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा अधिक से अधिक मेडल लाने के उद्देश्य से 2036 विजयीभव योजना का आरम्भ करने की बात कही गई है। जिसके लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह किसी भी प्रदेश के बजट में की गई अनूठी पहल है। इससे हरियाणा के खिलाड़ी निश्चित रूप से प्रोत्साहित होंगे और मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप 2036 के ओलंपिक में हरियाणा का डंका बजेगा। इसी प्रकार वित्त वर्ष 2025-26 में खिलाड़ी बीमा योजना के प्रस्ताव का भी बजट में प्रावधान किया गया है, जिसके तहत खिलाड़ियों को 20 लाख रुपए तक का मैडिकल कवरेज दिया जाएगा, जिसका प्रीमियम सरकार के द्वारा भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार में बजट अखाड़ों को बेहतर बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और उच्च गुणवता बनाए रखने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपए का ईनाम दिया जाएगा।

## '150 करोड़ रुपए की राशि 20 तक स्थानांतरित होगी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान बनाने के लिए अब तक वेरीफाई किए गए लगभग 70,000 लाभार्थियों के खातों में 150 करोड़ रुपए की राशि आगामी 20 तारीख तक स्थानांतरित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक शीशपाल केहरवाल द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे । मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत 70,000 ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने स्वयं को पोर्टल पर पंजीकृत किया है। विभाग द्वारा उन्हें वेरीफाई कर लिया गया है और 20 तारीख तक 150 करोड रुपए की एक मुफ्त किस्त उनके खाते में भेज दी जाएगी । मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग ने प्रदेश में गरीब लोगों को आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक पोर्टल बनाया हुआ है जिस पर पंजीकरण के बाद आवेदक को वेरीफाई किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान देने की गारंटी किसी की है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है ।

## नर्सिंग अधिकारियों के 501 रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा

**स्वीकृत**

**निगम के संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग करके जल्द से जल्द भर्ती के निर्देश देंगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य में नर्सिंग अधिकारियों के 501 रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा, इसके लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को मांग भेज दी गई है। इनके अलावा, डॉक्टरों के खाली पदों को भी जल्द भरा जाएगा। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के रिक्त पदों की भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि वर्तमान में चिकित्सा अधिकारियों के 3969 पद स्वीकृत हैं जिनमे से 3192 पद भरे हुए हैं तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के 644 स्वीकृत पदों में से 425 पद भरे हुए हैं। रिक्त पदों को भरने के कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के खाली पदों से सबंधित सवाल का जवाब देते हुए बताया कि यमुनानगर नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों के 67 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 43 पद भरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि गत 8 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 561 नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। शीघ्र ही उनको नियुक्ति स्टेशन दे दिए जाएंगे। डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि फरवरी 2024 में 1365 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के रिक्त पदों की भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से की जाएगी , वे निगम के संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग करके जल्द से जल्द भर्ती के निर्देश देंगी।

## सिंचाई विभाग के लिए वर्ष 2025-26 में 6024.72 करोड़ रुपये का बजट

**उपलब्ध**

**सरकार की कोशिश हर खेत को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराना है : जल संसाधन मंत्री श्रुति**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि बजट में सिंचाई विभाग के लिए वर्ष 2025-26 में 6024.72 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव रखा गया है। सरकार की कोशिश हर खेत को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराना है। साल 2024-25 के संशोधित अनुमान 5443.38 करोड़ रुपए से यह बजट 10.7 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री जल संचय योजना के तहत मनरेगा की सहायता से कार्य करवाते हुए 100 तालाबों का निर्माण किया जाएगा। खेतों में सूक्ष्म सिंचाई के प्रबंधन के लिए 2200 पानी के टैंकों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 100 करोड़ रुपये की लागत से लिफ्ट सिंचाई परियोजना में लगे हुए पुराने पंपों को बदला जाएगा। साथ ही सतलुज-यमुना लिंक कैनाल के माध्यम से हरियाणा की जनता को उसके हक का पानी पंजाब से लेकर दिलवाया जायेगा। औद्योगिक/बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अत्यधिक दोहित क्षेत्रों में की अवधि एक से बढ़ाकर दो वर्ष की जाएगी जबकि अन्य क्षेत्रों में यह तीन वर्ष होगी वहीं खनन परियोजनाओं के लिए भी यह अवधि एक से बढ़ाकर दो वर्ष की जाएगी।

## 8 मरला भूमि उच्चतर शिक्षा विभाग को पट्टे पर दी जा चुकी हैः महिपाल

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय रेवाड़ी के भवन निर्माण के लिए ग्राम पंचायत सिलाना की 8 एकड़ 1 कनाल 8 मरला भूमि उच्चतर शिक्षा विभाग को पट्टे पर दी जा चुकी है। भवन की ड्राइंग तैयार करने के लिए मुख्य वास्तुकार विभाग हरियाणा को अनुरोध किया गया है। महीपाल ढांडा ने यह बात आज विधानसभा सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कही। उन्होंने बताया कि वर्तमान में, हरियाणा राज्य में कुल 184 सरकारी महाविद्यालय चल रहे हैं। जिनमें से 141 महाविद्यालय अपने

## बजट सत्र के दौरान दो विधेयक पारित किए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज दो विधेयक पारित किए गए। इनमें पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा हरियाणा ग्राम षामलात भूमि (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 षामिल हैं। पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2021 को संशोधित करने के लिए पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया गया। पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण निवासियों को जीवन की गुणवत्ता तथा जीवन के युक्तियुक्त मानक मुहैया कराने, समेकित तथा समन्वित योजना अवसरंचना विकास, शहरी सुख-सुविधाओं की व्यवस्था, प्रबन्धन गतिशीलता, शहरी पर्यावरण, सामाजिक, आर्थिक तथा औद्योगिक विकास के सत्त प्रबन्धन मुहैया कराने के लिए पंचकूला का निरन्तर, सतत तथा संतुलित विकास के विजन का विकास करने के लिए, पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2021 के अधीन बनाया गया था। पंचकूला की आपातिक परिस्थिति में स्थानीय प्राधिकारियों के समन्वय से शहरी शासन तथा समर्पण संरचना को सुधारने का प्रयास करेगा। अधिनियम की धारा 15 हरियाणा अनुसूचित सड़क तथा नियन्त्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसार निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना, हरियाणा की शक्तियों का प्रयोग करने को लिए प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को समर्थ बनाती है किन्तु जैसाकि प्राधिकरण का अधिकांश क्षेत्र हरियाणा नई राजधानी (परिधि) नियन्त्रण अधिनियम, 1952 के अधीन घोषित नियन्त्रित क्षेत्र के भाग में पढ़ता है।

## 'सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध

**संकल्प**

**लाडो लक्ष्मी योजना के प्रस्ताव पर कहा कि सरकार ने अपने संकल्प को पूरा किया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने बजट की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए वर्ष 2025-26 में 1372.10 करोड़ रुपए बजट का ऐलान किया गया है। जिससे जाहिर है सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।
उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना के प्रस्ताव पर कहा कि सरकार ने अपने संकल्प को पूरा किया है इसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2100/- की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सरकार महिला पशुपालकों को डेयरी खोलने के लिए एक लाख तक का लोन बिना ब्याज देगी। प्रत्येक गांव में एक महिला चौपाल बनाने के संकल्प की पूर्ति हेतु 754 गावों को चिन्हित किया गया है। 3 लाख रुपए से कम आय वाले परिवार में बीएससी कोर्सेस में पढ़ रही लड़कियों की ट्यूशन फीस माफ होगी। श्रीमती श्रुति चौधरी ने बताया कि 80 हजार कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करने के लिए 12 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि खर्च की जाएगी। नूहं में चल रही किशोरी योजना को सभी 22 जिलों में लागू किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरूग्राम में महिला छात्रावास बनाए जाने और सरकारी भवन में चल रही कैंटिनों के एक तिहाई टेंडर महिला स्वंय सहायता समूहों को प्राथमिकता के आधार पर अलॉट किये जाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।


**उत्तर रेलवे**

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा स्टेशन परिसर पर ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम/ATM)/ डिजिटल बैंकिंग यूनिट/DBU's/बैंकिंग इ-लॉबी की स्थापना के अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई- नीलामी, IREPS पोर्टल (https://reps.gov.in) पर ई-बोली **"जैसा है जहां है"** के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/ स्थान/ साइट् |
|---|---|---|
| DLI-ATM - 05-2025 | दिनांक 04.04.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली बड़ोदा हाउस (1), निलोखेड़ी (1), निजामुद्दीन (1), तिलक ब्रिज (2), करैन्थी (1), शिवाजी ब्रिज (2), विवेक विहार (1), किनाना (1), दिल्ली शाहदरा (3), जुलाना (1), आनन्द विहार (1), समर गोपालपुर (1), |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/ अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंक/ भारतीय सहकारी बैंक/ व्हाइट लेबल एटीएम सेवा प्रदाता इत्यादि जिन्हें आरबीआई द्वारा एटीएम/ डी. बी. यू/ बैंकिंग इ-लॉबी स्थापित करने और संचालित करने की अनुमति/ लाइसेंस प्राप्त है) को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: | |

• ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आई आर ई पी एस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ ठेकेदारों (ई-निविदा/ ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ पीएस, डी. आर. एम. कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055. Email: publicitycelldli@gmail.com Tel: 011-23743084 |
|---|---|

संख्या: 3PUB/ATM/ DLI-DIV/E-auction/2022 दिनांक: /03/2025 843/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शिक्षा नीति को लागू करने के लिए बजट में प्रतिबद्धता को दोहरायाः महिपाल



**कटिब्द्ध**

**मुख्यमंत्री ने बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए सभी हितधारकों से रायशुमारी की है : महिपाल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के वर्ष 2025-26 के बजट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को देश में सबसे पहले लागू करने के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जो स्वागत योग्य है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्त मंत्री के रूप में बजट फ्रेम वर्क के मानदंडों के अनुरूप बजट तैयार किया है जो सराहनीय है। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महीपाल ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए सभी हितधारकों से रायशुमारी की है और महत्वपूर्ण सुझावों को बजट में जगह दी है। पंचकूला में प्रदेश के सांसदों, मंत्रियों व विधायकों के साथ प्री बजट परामर्श वार्ता अति महत्वपूर्ण थी, जिसमें सत्तापक्ष व विपक्ष के विधायकों ने अहम सुझाव दिए थे और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि प्री बजट चर्चा नहीं यह तो विधानसभा सत्र ही चल रहा था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की इस पहल के लिए विधायकों ने कंठमुठ से प्रशंसा भी की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश में 197 राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय कार्य कर रहे हैं। वित वर्ष 2025-26 में राज्य में हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में हरियाणा के युवाओं की खेलों में प्रतिभा को तराशने के लिए प्रत्येक जिले में एक राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी इन स्पोर्टस के रूप में विकसित करने की बात कही गई है, स्वागत योग्य है। हरियाणा का खेलों में पहले से ही विश्व में नाम है। इन एक्सलेंसी सेंटर से उभरती खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल, हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी व शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा मीति को लागू करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में जिला अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ में कुल 12 स्कूल दोहरी पाली में चल रहे हैं। वित वर्ष 2025-26 में इन विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार आधारभूत ढांचा तैयार कर इन्हें एकल पाली में चलाए जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थी खेलों में तो पहले से ही देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। अब बजट में विद्यार्थियों को गणित ओलंपियाड में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

## कृषि क्षेत्र के लिए "नायाब बजट" है : श्याम सिंह राणा

**चंडीगढ़** – हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण , मत्स्य तथा पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल वित्त मंत्री के रूप में जो बजट पेश किया है वह किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने वाला है और यह उनकी आमदनी को बढ़ाने में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कृषि क्षेत्र के लिए अद्वितीय बजट बताते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक बजट है और इसमें सबसे अधिक फोकस किसानों पर किया गया है। इस बजट को समावेशी बजट बताते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है।

# भारतीय मजदूर संघ ने विशाल प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: भारतीय मजदूर संघ** जिला अंबाला का विशाल धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अरुण जोशी की अध्यक्षता में अंबाला शहर में उपायुक्त महोदय कार्यालय में संपन्न हुओ भारतीय मजदूर संघ के जिला अंबाला के सभी विभागों के कर्मचारी अग्रसेन चौक से होते हुए उपायुक्त कार्यालय में पहुंचे जिला अध्यक्ष अरुण जोशी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है श्रमिकों की आवाज बुलंद करता है और उनके अधिकारों की रक्षा करता है सरकार शीघ्र श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करें अखिल भारतीय स्तर पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में 18 मार्च को श्रमिकों की



मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है अरुण जोशी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ से संबंधित सभी विभागो के कर्मचारियों विशाल प्रदर्शन में शामिल है` सरकार द्वारा निरंतर कर्मचारी और मजदूरों का हनन हो रहा है जोशी ने कहां की ई पी एफ की सीमा 15000 से बढ़कर 30000 रुपए और ई एस आई की वेतन 21000 से बढ़कर 42000 की जाऐ और आशा वर्कर, आंगनबाड़ी मिड-डे मील सभी को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए । मानदेय तय किया जाएं जिला मंत्री कंवरपाल ने कहा कि ई पी एस पेंशनरों का वेतन 1000 से बढ़कर 5000 किया जाऐसार्वजनिक संपत्ति पर बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाऐ बीमा क्षेत्र में 100% विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाऐ स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन व सामाजिक सुरक्षा दी जाऐ असंगठित क्षेत्र हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाऐ कर्मचारी सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 के रूल्स शीघ्र लागू करना, कौशल रोजगार के कर्मचारियों को ना निकल जाए नैशनल हैल्थ मिशन कर्मचारियों के सर्विस नियम 2018 के ग्रेंड पे का, सातवें वेतन का लाभ पांच वर्ष पूर्ण होने वाले लाभ अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मचारी महासंघ के महामंत्री दिनेश कुमार कौशिक ने तमाम लाभ जो जो रोक दिया गया है माननीय मुख्यमंत्री महोदय से सहानुभूति पूर्वक विचार कर तुरंत लाभ दिया जाएं और एन एच एम के द्वारा प्रधानमंत्री जी के नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर मांग पत्र सौंपा गया जिसमें मुख्य तौर से रेगुलर कर्मचारी के तमाम लाभ स्कीम वर्कर को भारत सरकार द्वारा नियमावली बना दिए जाएं। ऐसे अनेक विषयों को लेकर भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में समस्त संगठनों द्वारा विशाल प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र सौंपा गया गया। इस अवसर पर श्री तरसेम राणा कार्यालय प्रमुख आंगनवाड़ी, मंजू सैनी जिला उपाध्यक्ष इटरआंगनवाड़ी , दौलतराम बीएमएस सहमत्री, प्रीतम टूरिज्म महामंत्री, नरेश कुमार बी एम,एस ब्लॉक प्रधान जयपाल नगर परिषद, सुरेंद्र सिंह नगर निगम, सुनील हरि जिला सचिव एन एच एम, विजय धीमान पोस्टल विभाग मंडल सचिव राकेश कुमार, जिला अध्यक्ष एन एच एम तरनदीप बक्शी, उपस्थित थे

# जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : राजकीय माध्यमिक** विद्यालय अर्बन एस्टेट सैक्टर 13 में मंगलवार को जिला स्तरीय रीडिंग प्रोत्साहन कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्पेल बी, कहानी लेखन, वर्तिनी, वाद-विवाद, क्विजोन टेन्सेस और कविता लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में जिला के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का आयोजन दो वर्गों कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डाइट पलवल एवं जिला परियोजना संयोजक रोहतास वर्मा ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भाषाई कौशल के विकास से न केवल परीक्षा परिणाम बेहतर होते हैं बल्कि बच्चों के मनोबल व आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है। जिससे विद्यार्थी जीवन की सभी चुनौतियों का



सामना करते हैं और जीवन में सफल व्यक्ति बन सकते हैं इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास, सम्प्रेषण कला, व्यक्तित्व विकास एवं प्रतियोगिता की भावना विकसित होती है, साथ ही उनके अधिगम स्तर तथा शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होती है। प्रतियोगिताओं की नोडल अधिकारी डा. कृष्णा कुमारी सहायक परियोजना संयोजक ने बताया कि प्रति वर्ष हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में विद्यालय, खंड एवं जिला स्तर पर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी पांचों खंडों के 205 विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।
मंगलवार को जिन प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया उन्हें प्रमाणपत्र तथा इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डाइट पलवल से डा. रघुबीर तगेजा, डा. संजीव, रेखा, सोनिया अग्रवाल, डा. श्याम चरण सहित 24 सदस्य थे। इ

## परचून दुकान संचालक से मारपीट, छह के खिलाफ केस

**गन्नौर। खेड़ी गुज्जर गांव** में परचून की दुकान पर सामान लेने आए युवक व परचून दुकान संचालक पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। मारपीट की घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घायल दुकानदार ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में खेड़ी गुज्जर निवासी अनिल ने बताया कि गांव में उसकी परचून की दुकान है। गांव का संदीप उसकी दुकान पर सामान लेने आया था। इस दौरान रोहित, मोहित, प्रिंस, नितिन, अमन व पाने वहां आए और लाठी डंडों व तेजधार हथियार से संदीप के पर हमला कर दिया। जब उसने बीच बचाव किया तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। इसके बाद आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों को खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक ने टक्कर से किसान घायल

**गन्नौर। खेत से घर** लौट रहे किसान को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से किसान राहुल घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव आहुलाना निवासी राहुल ने बताया कि वह 15 मार्च की रात खेत से पैदल अपने घर जा रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सुप्रीम कंपनी के नकली पाइप बिक्री करने पर दुकानदार पर कापिराइट का केस दर्ज

**गन्नौर। रेलवे रोड पर सुप्रीम** इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी की कापिराइट टीम ने एक दुकान पर छापेमारी कर कंपनी के नकली सीपीवीसी पाइप बरामद किए हैं। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने दुकानदार के खिलाफ थाना गन्नौर में शिकायत दी। शिकायत में सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि सोनू ने बताया कि उन्हें रेलवे रोड स्थित हरियाणा सीमेंट स्टोर पर कंपनी ब्रांड सुप्रीम के नाम से नकली पाइप बेचने की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने थाना गन्नौर पुलिस की टीम के साथ दुकान पर छापा मारा। इस दौरान पाया कि दुकान मालिक राजीव कुमार सुप्रीम लाइफलाइन पाइप्स की नकल कर सुप्रीम रेडलाइन नाम से पाइप बेच रहा था। जिससे कंपनी और ग्राहकों को धोखा दिया जा रहा था। दुकान से 142 पाइप जब्त किए, जिन पर सुप्रीम रेडलाइन का मार्क लगा था। शिकायत पर पुलिस ने दुकानदार राजीव कुमार के खिलाफ कापीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## छोटूराम ने गरीब, मजदूरों व कमजोर वर्ग की आवाज उठाई: बैनीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। चौधरी छोटूराम** धाम रोहतक की जिला सोनीपत की टीम ने गन्नौर में धाम का प्रचार किया। सोनीपत जिलाध्यक्ष हरज्ञान मलिक ने संबोधित करते हुए कहा कि हर सामाजिक सरोकार सभी के सहयोग से पूरे होते हैं और समाज आपके सहयोग को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि जाट सेवा संघ विश्व सर्वधर्म जाट एकता केंद्र दीन बंधु चौ. छोटूराम धाम का निर्माण कर रहा है। सर छोटूराम ने 1910 में सभी वर्ग के लोगों को शिक्षा में भागीदारी के लिए प्रयत्न किए थे ताकि जाट समाज के साथ-साथ अन्य समाज भी अपना उत्थान कर सके। इसी के



मद्देनजर छोटूराम धाम में कौशल विकास और ग्रामीण उद्यमिता संस्थान का निर्माण किया जा रहा है। इसमें बच्चों को विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं, विशाल सभागार, विश्व स्तरीय पुस्तकालय तथा 3 हजार लड़के-लड़कियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाना मुख्य मकसद है। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों से आर्थिक मदद का आह्वान किया। महासचिव जयभगवान मलिक ने कहा कि सर छोटू राम धाम के लिए आर्थिक सहयोग में लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है। रोहताश बैनीवाल ने कहा कि चौधरी छोटूराम ने हमेशा गरीब, मजदूरों व कमजोर वर्ग की आवाज उठाई और लोगों को शिक्षा के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जाट समाज का देश व प्रदेश के विकास में अहम योगदान रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होने का भी आह्वान किया। चौधरी छोटूराम ने लोगों में शिक्षा की अलख जगाई और आज उसी दिशा में धाम समाज में बदलाव लाने और रोजगार के अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर धाम के सोनीपत जिलाध्यक्ष हरज्ञान मलिक, कप्तान चहल (युवा अध्यक्ष सोनीपत), मास्टर हिम्मत सिंह (जनरल सेक्रेटरी),रोहतास बैनिवाल (अध्यक्ष हल्का गन्नौर),विजेन्द्र मलिक नम्बरदार (ज्वाइंट सेक्रेटरी), रवीन्द्र गुलिया (अध्यक्ष हल्का गोहाना), जयभगवान मलिक (महासचिव) नफे सिंह आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज में कैंपस रोजगार कार्यक्रम में 15 छात्रों का हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। चिरस्मी रोड** स्थित डीआईटीएम कॉलेज में ग्लोपैक इंडस्ट्रीज द्वारा छात्रों के लिए कैंपस रोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कालेज के 106 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के कौशल और प्रतिभा का मूल्यांकन करते हुए 15 छात्रों का चयन किया गया। साक्षात्कार के सत्र के दौरान कॉलेज के चेयरमैन संजीव कुमार जैन और कॉलेज के डायरेक्टर जनरल डा. नीरज मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने भविष्य में अच्छे अवसरों के लिए प्रेरित किया। ग्लोपैक इंडस्ट्रीज ने



साक्षात्कार में चयनित छात्रों को विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी और उनकी प्रगति के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कॉलेज ने पहल की सराहना की और छात्रों को औद्योगिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

## सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कृष्णनगर गामड़ी में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कृष्णनगर** गामड़ी में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने बताया कि आज कृष्णनगर गामड़ी के नवीन संकल्प शिविर में 35 लोगों को परामर्श और निःशुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 13 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। आज के नवीन संकल्प शिविर में 21 लोगों की समस्याओं का समाधान और 3 लोगों को छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

## श्याम परिवार 23 मार्च को करेगा प्रयास कीर्तन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। श्याम** परिवार करनाल द्वारा आने वाली 23 मार्च को प्रयास कीर्तन का आयोजन करवाया जा रहा है। आज कीर्तन स्थल पर सुबह सभी श्याम परिवार के सदस्यों द्वारा विधिवत रूप से भूमि पूजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने पूजा की। उसके बाद श्याम बाबा का ध्वज भी कीर्तन स्थल पर लगाया। आज यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में श्याम परिवार के सदस्यों ने बताया कि ऐसा भव्य संकीर्तन पहली बार करनाल में होने जा रहा, जिसमें पूरे भारत वर्ष से 20 से

**प्रयास**

**श्याम परिवार करनाल द्वारा आने वाली 23 मार्च को प्रयास कीर्तन का आयोजन करवाया जा रहा**

अधिक कलाकार श्याम बाबा का गुणगान करने के लिए आ रहे हैं।
विश्व विख्यात भजन सम्राट कन्हैया मित्तल एवं निर्मल झुनझुनवाला भी बाबा के चरणों में अपनी हाजरी भरने आ रहे है। इस कीर्तन में जितने भी कलाकार आ रहे हैं, निशुल्क सेवा से बाबा का गुणगान करेंगे। जो धनराशि बाबा के चरणों में अर्पित होगी, उन पैसों से गौ माता की सेवा एवं किसी असहाय लोगों की आर्थिक रूप से सहायता के लिए खर्च होगी।
श्याम परिवार ने समस्त करनाल वासियो ने अनुरोध है कि शयाम बाबा का आशीर्वाद लेने सभी आएं। सुबह से लेकर रात तक बाबा का भंडारे का आयोजन भी कीर्तन स्थल पर होगा। प्रेस वार्ता में प्रधान पंकज गोयल, कार्यकारी प्रधान सुनील गुप्ता, उपप्रधान घनश्याम गोयल, सचिव पुनीत मित्तल, कोषाध्यक्ष सुभाष गुप्ता आदि सभी श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

## आईटीबीपी के फौजी का हुआ अंतिम संस्कार, हलालपुर गाँव में पसरा मातम

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**

**हरियाणा के जिला सोनीपत** के गाँव हलालपुर के रहने वाले आईटीबीपी के फौजी को आईटीबीपी 38वीं बटालियन कैंप में कांस्टेबल ने डांटने से नाराज होकर 18 गोलियां मारकर हत्या कर दी। खरखौदा के पैतृक गांव हलालपुर में एएसआई देवेंद्र सिंह दहिया का पार्थिव शरीर लाया गया। जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश के जिला राय पुर थाना खरोरा के मुड़पार स्थित आईटीबीपी 38वीं




बटालियन कैंप में कांस्टेबल ने इंसास राइफल से एएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी। कांस्टेबल ने एएसआई के माथे पर पहली गोली और पीछे से हमला कर 15 गोलियां और मार दी। जबकि 2 गोलियां इधर उधर चलाईं। सोनीपत गाँव हलालपुर के रहने वाले एएसआई देवेंद्र सिंह दहिया ने ड्यूटी के दौरान बिहार निवासी आरक्षक को सरोज कुमार 3 दिन पहले को उनके टर्न आउट (वर्दी) को लेकर डांट दिया था। डांटने से गुस्से में आकर सरोज कुमार ने फायरिंग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।
जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह भी देवेंद्र सिंह ने कांस्टेबल को इसी बात पर डांटा तो वह न सिर्फ गुस्से में था। परेड के बाद वह बटालियन के अंदर अपने घर पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार नाश्ता करने के बाद इंसास राइफल लेकर घर से निकला। घर से कुछ दूरी पर कांस्टेबल सरोज कुमार ने एएसआई देवेंद्र सिंह दहिया को देखा। आरोप है कि इस दौरान यह देखकर एएसआई दहिया ने दोबारा उसे अपशब्द कह दिए। एएसआई दहिया की गालियां सुनकर कांस्टेबल ने पहली गोली माथे पर मारी। गोली लगते ही एएसआई दहिया उनकी मौत हो गई। उसके बाद नाराज कांस्टेबल द्वारा उनकी तरफ 17 राउंड फायर किए गए। जानकारी के मुताबिक एएसआई ने साल 1990 में उन्होंने आइटीबीपी को ज्वाइन किया था। वह एक महीना पहले ही अपने घर से ड्यूटी के लिए गए थे। उनकी जम्मू,लेह लद्दाख, छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश समेत कई जगह पोस्टिंग रही है। उनकी पत्नी घरेलू महिला है। परिवार में एक लड़का और एक लड़की है जबकि लड़की की शादी हो रखी है।

## गांव जठेड़ी में ईएसआई डिस्पेंशनरी खोलने की मांग को विधायक ने सदन में प्रमुखता से उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई की विधायक** कृष्णा गहलावत ने विधानसभा स्तर के दौरान हरियाणा सहित राई विधानसभा के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बेहतरीन और शानदार बजट पेश करने पर सराहना की। गहलावत ने हर वर्ग व हर क्षेत्र की चिंता इस बजट में की गई है। बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब कल्याण सहित हर वर्ग के उत्थान की बात की गई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री ने बजट में प्रदेश में 14 डिस्पेंशनरी बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि मेरा



विधानसभा क्षेत्र दिल्ली के साथ लगता है। वहां छोटे स्तर पर डिस्पेंशनरी छोटे स्तर पर किराए के मकान पर चल रही है। उन्होंने कुंडली क्षेत्र के नजदीक जठेड़ी गांव में ईएसआई डिस्पेंशनरी खोलने की मांग रखते हुए कहा कि एचएसआईआईडीसी की ओर से गांव में जमीन लेने का प्रस्ताव रखा हुआ है लेकिन जमीन के रेट ज्यादा होने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पा रही है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने सेवा कार्यों में भाग लिया। इस दिन का मुख्य आकर्षण श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण एवं युवाओं की भूमिका पर विशेष व्याख्यान रहा। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में भीगी हुई कड़वी की झूलियां लगाई और स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने श्रम की महत्ता को समझा और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रोफेसर



सोमवीर सिवाच ने डिजिटल इंडिया एवं विकसित भारत विषय पर विशेष व्यख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे डिजिटल क्रांति भारत को आत्मनिर्भर बना रही है और इसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यदि युवा तकनीक और नवाचार का सही उपयोग करें, तो भारत शीघ्र ही एक वैश्विक महाशक्ति बन सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिक तकनीकों की सहायता से कृषि, उद्योग, शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन आ रहा है, जिससे भारत आज दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. रेनू यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने स्वयंसेवकों से संवाद स्थापित किया और उनके सेवा कार्यों की सराहना की। शिविर के दूसरे दिन की गतिविधियों ने स्वयंसेवकों में सेवा भावना को और अधिक प्रबल किया और उन्हें समाज निर्माण में अपनी भूमिका को लेकर जागरूक किया। महाविद्यालय प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना टीम ने शिविर में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की और आगामी दिनों में भी इसी जोश और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

# संपादकीय

## अब रुपये के चिह्न पर विवाद!

**द्रविड़ मुनेत्र** कषगम। इसके दो और नाम हैं। एक-द्रमुक और दूसरा डीएमके। कुछ लोग इसे द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम भी कहते हैं। द्रमुक अब तक हिन्दी थोपने के विरोध में और तमिल भाषा की पहचान को बचाने के लिए मुखर रही है। अब उसने रुपये के चिह्न ( ?) को लेकर आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि इस चिह्न में भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से दक्षिण भारतीय पहचान को उचित स्थान नहीं दिया गया है। भारतीय मुद्रा के चिह्न ( ?) को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों की आपत्ति क्या वाकई भाषा से जुड़ा विवाद है, या फिर यह सिर्फ.एक राजनीतिक रणनीति? इस सवाल के कई पहलू हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य दक्षिण भारतीय दलों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी के "र" अक्षर से प्रेरित है, जो हिन्दी को प्राथमिकता देता है और अन्य भारतीय भाषाओं की अनदेखी करता है। हालांकि, इस चिह्न को डिजाइन करने वाले उदय कुमार धरणी (आईआईटी गुवाहाटी) का कहना था कि इसका डिजाइन देवनागरी "र" और रोमन "फ" दोनों से प्रेरित है, ताकि भारतीय और वैश्विक पहचान का मिश्रण दिखाया जा सके। द्रविड़ मुनेत्र कषगम लंबे समय से हिन्दी थोपने के खिलाफ रही है। 1965 में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ तमिलनाडु में बड़े आंदोलन हुए थे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने पहले भी नीट, नई शिक्षा नीति और सरकारी नौकरियों में हिन्दी प्राथमिकता का विरोध किया है। अब रुपये के चिह्न को लेकर विवाद द्रमुक के उसी एजेंडे का विस्तार है। द्रमुक का मानना है कि ? चिह्न देवनागरी लिपि के "र" (रुपया) से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है, जबकि भारत की अन्य भाषाओं की उपेक्षा होती है। इस पार्टी और तमिलनाडु के कुछ अन्य संगठनों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी लिपि के "र" से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है और अन्य भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से द्रविड़ भाषाओं (तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम) को उपेक्षित किया गया है। उनका मानना है कि मुद्रा का चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भारतीय भाषाओं का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। दक्षिण भारतीय राज्यों में हिन्दी थोपने के खिलाफ पहले से ही एक मजबूत भावना मौजूद है और यह विवाद उसी का विस्तार माना जा सकता है। पार्टी का तर्क है कि भारत की मुद्रा का प्रतीक चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भाषाओं और संस्कृतियों का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। इन दोलों का मानना है कि तमिल समेत दक्षिण भारतीय भाषाओं को केंद्रीय स्तर पर वह पहचान नहीं मिलती, जिसकी वे हकदार हैं। द्रमुक और तमिलनाडु की अन्य पार्टियां हिन्दी थोपने के विरोध में कई बार आंदोलन कर चुकी हैं। द्रमुक की पूरी राजनीति ही तमिल पहचान और केंद्र के "हिंदी वर्चस्व" के खिलाफ विरोध के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यह मुद्दा 1960 के दशक में हिन्दी विरोधी आंदोलनों से शुरू हुआ था और अब तक जारी है। 2010 में जब ? चिह्न को अपनाया गया, तब भी यह बहस उठी थी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम का इस मुद्दे को फिर से उछालना एक राजनीतिक रणनीति हो सकती है, ताकि तमिल अस्मिता को लेकर अपनी स्थिति मजबूत की जा सके।

# संघ विरोधियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तर

मृत्युंजय दीक्षित

> "अमेरिका में भी कुछ लोग हैं जो 10 से 15 डॉलर तक का दान देते हैं। एक कोकाकोला नहीं पियो और उतना पैसा एकल विद्यालय को दो। कुछ स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती संगठन बनाया। जिसमें लाखों की संख्या में बालक -बालिकाएं अध्ययनरत हैं वह भी बहुत ही कम कीमत पर पढ़ाई हो रही है।विद्या भारती के विद्यालयों में विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र से जुड़े हुनर भी सीख रहे हैं । संघ का एक सबसे बड़ा संगठन भारतीय मजदूर संघ भी एक बड़ा संगठन है जिसकी 55 हजार से अधिक यूनियन व करोड़ों सदस्य हैं। मजदूर संघ की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने वामपंथ और संघ के विचारों का अंतर भी स्पष्ट किया, उन्होंने कहा जहाँ अन्य संगठन कहते हैं, दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ वहीं भारतीय मजदूर संघ कहता है मजदूर दुनिया को एक करते हैं"

**अपने** जन्म काल से ही अविचलित रूप से राष्ट्र सेवा करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अब अपनी शताब्दी तक पहुंच गया है। माँ भारती और हिन्दू समाज की इस अहर्निश सेवा यात्रा में संघ पर नियमित रूप से राजनैतिक हमले भी होते रहे किन्तु संघ न डरा न डिगा वरन सतत संकल्पवान होकर भारत माँ की सेवा में तत्पर रहा। संभवतः संघ का यह निष्कंप समर्पण ही उसके विरोधियों को भयग्रस्त करता है और उन्हें तर्कहीन बातें कहने को बाध्य करता है।

संघ पर हमले का एक उदहारण महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के बयान के रूप में सामने आया है। 12 मार्च 2025 को केरल के तिरुअनंतपुरम में गांधीवादी नेता पी गोपीनाथन नायर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए तुषार गांधी ने कहा, ह्लराष्ट्र की आत्मा कैंसर से पीड़ित है और संघ परिवार इसे फैला रहा हैह्व । यही नहीं उन्होंने भाजपा और संघ को केरल में प्रवेश करने वाला एक कपटी शत्रु बताया। तुषार ने संघ को जहर भी कहा। इस वक्तव्य के बाद से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के कार्यकर्ता केरल में तुषार गांधी से मांफी मांगने व उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके प्रति उत्तर में तुषार गांधी ने कहा कि वह अपनी बातों से पीछे हटने या उनके लिए माफी मांगने में विश्वास नहीं करते। वह संघ के प्रति नफरत से इस सीमा तक भरे हुए हैं कि कहते हैं कि अब हमारा एक साझा दुश्मन है और वह है संघ। भाजपा ने तुषार गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि तुषार गांधी कई वर्षां से महात्मा गांधी के नाम को आर्थिक लाभ के लिए भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। आज महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी संघ को कैंसर बता रहे जबकि स्वयं महात्मा गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गये थे और अपने अनुभव साझा करते हुए लिखा था कि,ह्ल कुछ वर्ष पहले जब संघ के संस्थापक जीवित थे आपके शिविर में गया था। वहां पर आपके अनुशासन, अस्पृश्यता का पूर्ण रूप से अभाव और कठोर सादगीपूर्ण जीवन देखकर काफी प्रभावित हुआ। सेवा और स्वार्थ त्याग के उच्च आदर्श से प्रेरित कोई भी संगठन दिन प्रतिदिन अधिक शक्तिवान हुए बिना नही रहेगा। किन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर केवल तुषार गांधी ही हमला नहीं कर



रहे हैं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे इंडी गठबंधन के नेता किसी न किसी बहाने संघ पर हमलवार रहे है क्योंकि संघ निरंतर हिंदू समाज को एकरस करने के लिए कार्य कर रहा है जिससे इनकी जातिवादी- क्षेत्रवादी- भाषावादी और परिवारवादी राजनीति का भविष्य दांव पर लग गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के पूरे प्रपंच को एक बार में ही ध्वस्त कर दिया है और पूरे विश्व को संघ शक्ति का परिचय दे दिया है। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिये एक लंबे साक्षात्कार में संघ के समर्पित स्वयंसेवक नरेन्द्र मोदी ने संघ के विरोधियों का मुंह बंद करते हुए संघ के विरुद्ध जो नफरत भरा वातावरण तैयार किया जा रहा था उसे ध्वस्त करने का सार्थक प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी का यह पॉडकास्ट पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र बिंदु बन चुका है। इस पॉडकास्ट को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा किया है जिसे करोड़ों लोग देख रहे हैं। पॉडकास्ट हिंदी तथा अंग्रेजी सहित कई प्रमुख भाषाओं में सुना जा सकता है। पॉडकास्ट में संघ से उनके संबंधों को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री जी ने अपने बचपन को स्मरण करते हुए संघ के विषय में बात की। वो कैसे शाखा में गए, उन्होंने क्या देखा, किस बात ने उनको प्रभावित किया इत्यादि। इसके बाद उन्होंने कहा कि संघ एक बहुत बड़ा संगठन है। अब संघ 100 वर्ष का है। दुनिया में इतना बड़ा कोई और ,संगठन होगा मैंने नहीं सुना है। करोड़ों लोग उसके साथ जुड़े हैं। संघ को समझना इतना सरल नहीं हैं। संघ के काम को समझने का प्रयास करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संघ व्यक्ति को ह्लपर्पस आफ लाइफह्व देता है, जीवन में एक दिशा देता है। देश ही सबकुछ है और जनसेवा ही प्रभु सेवा है, जो हमारे ग्रंथों में कहा गया है, जो स्वामी विवेकानंद ने कहा, वही संघ कहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉडकास्ट के उस मंच से संघ के आलोचकों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि संघ के स्वयंसेवक जीवन के हर क्षेत्र में सेवा करते है और कर रहे हैं। कुछ स्वयंसेवकों ने सेवाभारती नामक संगठन खड़ा किया है। यह सेवा भारती नामक संगठनके लोग गरीब बस्तिययों में जाकर सेवा करते हैं। सेवा भारती के लगभग सवा लाख सेवा प्रकल्प चल रहे हैं वह भी बिना किसी सरकारी सहायता के। उन्होंने बताया कि संघ वनवासी कल्याण आश्रम चलाता है जिसमें स्वयंसेवक जंगलों में रहकर आदिवासियों की सेवा करते हैं । 70 हजार से भी अधिक एकल विद्यालय चल रहे हैं। अमेरिका में भी कुछ लोग हैं जो 10 से 15 डॉलर तक का दान देते हैं। एक कोकाकोला नहीं पियो और उतना पैसा एकल विद्यालय को दो। कुछ स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती संगठन बनाया। जिसमें लाखों की संख्या में बालक -बालिकाएं अध्ययनरत हैं वह भी बहुत ही कम कीमत पर पढ़ाई हो रही है।विद्या भारती के विद्यालयों में विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र से जुड़े हुनर भी सीख रहे हैं । संघ का एक सबसे बड़ा संगठन भारतीय मजदूर संघ भी एक बड़ा संगठन है जिसकी 55 हजार से अधिक यूनियन व करोड़ों सदस्य हैं। मजदूर संघ की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने वामपंथ और संघ के विचारों का अंतर भी स्पष्ट किया, उन्होंने कहा जहाँ अन्य संगठन कहते हैं, दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ वहीं भारतीय मजदूर संघ कहता है मजदूर दुनिया को एक करते हैं, ये सोच का अंतर है। संघ 100 वर्षों से सभी प्रकार के चकाचौंध से दूर रहकर एक साधक की तरह समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मात्र कुछ उदाहरणों से ही संघ विरोधियों को बेनकाब कर दिया और अब यह पूरे विश्व में चर्चा में है। तुषार गांधी जैसे लोगों को भी शायद यह समझ में आ गया होगा कि संघ क्या है। संघ सदैव समाज सेवा में तत्पर संगठन है फिर वह चाहे किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा का समय हो जिसमें बाढ़, सूखा, भूकम्प, तूफान से लेकर अग्निकांड, रेल दुर्घटनाओं तक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बिना किसी प्रचार के सेवा में संलग्न हो जाते हैं। कोविड काल में जब पूरे भारत में लॉकडाउन था उस समय संघ भी के स्वयंसेवक आमजन को दवा और भोजन आदि उपलब्ध करा रहे थे जबकि तुषार गांधी जैसे आलोचक केवल सरकार की निंदा और अफवाह फैलाने का ही कार्य कर रहे थे। यह संघ की सेवाओं ही प्रयास व परिणाम रहा है कि करोड़ों की संख्या में आदिवासी व गरीब हिन्दू मतांतरित होने से बच सका है तथा लाखों की संख्या में मतांतरित हिंदुओं की घर वापसी हो रही है। जो लोग हिंदू सनातन धर्म का उन्मूलन करना चाहते हैं उनके सपने को कोई ध्वस्त कर रहा है तो वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का सपना जो पूरा हुआ है उसके पीछे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके समवैचारिक तथा आनुषांगिक संगठनों की तपस्या ही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक समरसता के कारण ही आज ह्लएक रहेंगे तो सेफ रहेंगेह्ल तथा ह्लबटेंगे तो कटेंगेह्ल जैसे नारे लोकप्रिय हो रहे हैं ।वर्तमान समय में महाकुंभ जैसे अत्यंत विशाल समागम जो सफल हो रहे हैं उनके पीछे भी संघ के छिपे हुए लाखों स्वयंसेवकों की सेवा ही रही है।

# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

---------

## न्याय-देवी की खुली आंखें

डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन'

**मुकदमा** मधुमेह की तरह होता है जिसकी चपेट में आने वाला ऊपर से ठीक-ठाक दिखता है लेकिन अंदर से खोखला हो जाता है। यह वह मोह है जिसे ना छोड़े बनता है ना नाता जोड़े बनता है। मुकदमा अधिवक्ता की खेती है और मुअक्किल फसल। मुअक्किल को आजीवन दूध देने वाली दुधारू गाय की संज्ञा देने में कोई गुनाह नहीं है जिसे आहिस्ता-आहिस्ता दुहा जाता है। अधिवक्ता मुअक्किल का मालिक ही नहीं अपितु माली भी होता है जो न्यायार्थ नियमित कटाई-छटाई पर विशेष ध्यान देता है। हम समस्या सुलझाने हेतु मुकदमा दायर करते हैं और वह मुकदमा तारीख के दलदल में फंसकर जीवन भर की समस्या में तब्दील हो जाता है। मुकदमा समस्या-समाधान का साधन भी है, स्वयं समस्या भी है और असीम समस्याओं की जड़ भी है। मुकदमा वह दमा है जो हमें बेदम कर देता है। इसी भाव को मैंने भोजपुरी में लिखने की कोशिश की है-

गांवे के प्रतिभा के पांखि द हे भाई।
सोचले बिचरले के आंखि द हे भाई।।
मुकदमा के दमा से बेदम ग्रामवसिया।
बात कहें सांचे सुनील चौरसिया।।

मुकदमा वह जाल है जिसमें दूसरों को फंसाने से पहले खुद को फंसाना पड़ता है। मुकदमा ही मुकदमे को काटता है जैसे लोहा लोहे को। मुकदमेबाजी वह मीठी खुजली है जिसका समय से और समझदारी से इलाज ना किया जाए तो वह जानलेवा कैंसर का रूप धारण कर लेती है, जिससे पीढ़ियां तबाह हो जाती हैं। जो अपनों की एक बात नहीं सहता है उसे गैरों की हजार बातें सहनी पड़ती हैं। भोजपुरी कवि मधुसूदन पांडेय 'मधुर' ने ठीक ही कहा है, 'कच-कच में रहीह, कचहरी में न जइह....।' मुकदमा में फंसने के दो कारण होते हैं- मजबूरी और मनबढ़ई। कारण कोई भी हो, तबाह ज़िन्दगी ही होती है। अपने वर्तमान को साफ-सुथरा रखें ताकि भविष्य उज्ज्वल रहे। बड़ी उम्मीद,आशा और विश्वास के साथ कोई न्यायालय के शरण में जाता है। समय से मिला हुआ न्याय ही औचित्यपूर्ण होता है क्योंकि गोस्वामी तुलसीदास जी ने क्या खूब कहा है, 'का बरखा जब कृषि सुखानी।' अक्सर पिता के हिस्से का न्याय पोते को मिलता है। मुकदमों की चक्की में पीढ़ियां पीस जाती हैं। क्या यही न्याय है? कभी-कभी हम एक जीत के लिए हजार बार हारते हैं और हारते-हारते ज़िन्दगी से हार जाते हैं लेकिन जीत नसीब नहीं होती है। समस्या समाधान हेतु दायर मुकदमा गणित समस्याओं को दावत देता है। वादी, प्रतिवादी, गवाह, अधिवक्ता और न्यायाधीश...सब के सब नश्वर हैं, सिर्फ और सिर्फ मुकदमा ही अजर-अमर है। मुकदमा वह नशा है जो हमें मदहोश कर देता है। मुकदमा प्रेम है जिसे समर्पण चाहिए। मुकदमा ईश्वर है जिसे भक्ति चाहिए। सच्चा मुकदमेबाज वह होता है जो दीवानी का दीवाना होता है। वह भूखे पेट सो जाएगा लेकिन तारीख नहीं छोड़ेगा। सच्चा मुकदमेबाज वह होता है जो घर-खेत बेचकर लड़ता है लेकिन हार नहीं मानता है। वह बाल बच्चों को भले ही नहीं पढाएगा लेकिन मुकदमा जरूर लड़ेगा। सच्चा मुकदमेबाज मरते दम तक लड़ता लेकिन सुलहा नहीं करता है। पैरवी ही उसकी ज़िन्दगी है। वह अपनें वंशज के सिर पर मुकदमा लाद कर मरता है। वह परिवार में अमिट छाप छोड़कर जाता है। सच्चा मुकदमेबाज साहसी होता है, धैर्यवान होता है।

न्यायालय ही उसके लिए तीर्थ स्थल है जहां उसके पूर्वजों ने माथा टेका, वह भी टेक रहा है और उसके वंशज भी टेकेंगे। न्यायालय के प्रति हमारे मन में आदर भाव है और होना चाहिए क्योंकि न्यायालय है तो न्याय है, न्याय है तो हम हैं और हम हैं तो रोजी-रोटी है। इसीलिए मुकदमेबाजी में तारीख का तर नहीं टूटता है। इसी भाव को मैंने भोजपुरी में परोसा है-

# विचार

## चिंताजनक है सरकारी अधिकारियों का दुरुपयोग

प्रियंका सौरभ

**सरकारी** अधिकारियों के साथ बढ़ता दुर्व्यवहार एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है, क्योंकि वे अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के निभाने का प्रयास करते हैं। कई सिविल सेवकों को अक्सर अपने विकल्पों से असंतुष्ट व्यक्तियों या समूहों से धमकियों, उत्पीड़न और अनुचित दबाव का सामना करना पड़ता है। यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति शासन की अखंडता को नष्ट कर सकती है, नैतिक व्यवहार को बाधित कर सकती है और सार्वजनिक संस्थानों को कमजोर कर सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए, नैतिक मानकों को बनाए रखना, कानूनी सुरक्षा प्रदान करना और यह सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी भूमिका निभा सकें। सरकारों को पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून के शासन के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, साथ ही जनता को लोकतंत्र और न्याय को बनाए रखने में सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना चाहिए। कानून प्रवर्तन, उद्योग विनियमन और चुनाव निरीक्षण के लिए ज़िम्मेदार सरकारी अधिकारियों को लगातार धमकियों, उत्पीड़न और विभिन्न प्रकार के दुरुपयोग का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है क्योंकि यह लोक सेवकों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने से रोक सकती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर कर सकती है। अधिकारियों, विशेष रूप से चुनाव, न्यायपालिका और नियामक निकायों में शामिल लोगों को अक्सर अपने निर्णयों को प्रभावित करने के उद्देश्य से धमकी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, झूठे आरोप और बदनामी अभियान उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते हैं और उनके अधिकार को कम कर सकते हैं। हालाँकि कुछ देशों में लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, लेकिन इन कानूनों का प्रवर्तन असंगत या कमजोर हो सकता है। इस तरह के दुरुपयोग से उत्पन्न तनाव और भय के परिणामस्वरूप बर्नआउट, इस्तीफे और योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने में चुनौतियाँ हो सकती हैं। सरकारी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार एक बढ़ती चिंता है, क्योंकि वे निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इन अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार और शत्रुता की बढ़ती घटनाएँ प्रशासनिक नैतिकता और कानून के शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती बन गई हैं। ऐसी घटनाएँ न केवल लोक सेवकों का मनोबल गिराती हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी कम करती हैं, जिससे अधिकारियों को इन कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए एक मजबूत नैतिक ढांचे की आवश्यकता है। सरकारी अधिकारी-जिसमें चुनाव कार्यकर्ता, न्यायाधीश, नियामक और कानून प्रवर्तन कर्मियों को बढ़ती हुई धमकी, उत्पीड़न और यहाँ तक कि शारीरिक धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सब राजनीतिक विभाजन, गलत सूचना और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जो आक्रामक बयानबाजी को बढ़ाता है। कुछ मामलों में, अधिकारियों को डोक्स किया गया है, उनकी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन जारी की गई है और उन्हें संगठित उत्पीड़न अभियानों या शारीरिक हमलों का लक्ष्य बनाया गया है।

शिकायतों के लिए स्पष्ट और खुले चैनल बनाने से शत्रुता को कम करने में मदद मिल सकती है। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली" पोर्टल ऑनलाइन नागरिक शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण है। संघर्ष समाधान और सार्वजनिक संपर्क में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से शत्रुता से निपटने की उनकी क्षमता में सुधार होता है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रशिक्षण ढाँचे में संकट प्रबंधन पर केंद्रित घटक शामिल हैं। भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा अनैतिक प्रथाओं को हतोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## रंगों को बदरंग करती घृणा और वैमनस्यता की राजनीति

मनोज कुमार

**प्रेम, सद्भाव, सम**रसता के प्रतीक रंगों का पर्व क्यों बन जाता है कलह वैमनस्यता खून खराबे का दिन? आप जानते हैं कि इस बार होली और रमजान का जुमा एक दिन होने की वजह से पूरे देश में होली पर हाई अलर्ट किया गया था। पुलिस व सुरक्षा बलों की चौकसी और नागरिकों के संयम की वजह से देश में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। फिर भी कम से कम चार राज्यों में होली पर हिंसा और झड़प की वारदातों को अंजाम दिया गया है। इनमें से पश्चिम बंगाल की बीरभूम की घटना को काफी गंभीर माना जा रहा है। वहां तनाव को काबू करने के लिए इंटरनेट तक बंद करना पड़ा है। भाजपा ने हिंसा के बाद राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू त्योहारों पर ही ऐसी हिंसा क्यों होती है?

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने हिंसा के बाद राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य की पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से निष्क्रिय हो गए हैं। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने भी ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सवाल उठाया है कि हिंदू त्योहारों के दौरान हिंसा क्यों होती है? उन्होंने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और निष्क्रियता के आरोप लगाए।

पश्चिम बंगाल के अलावा तीन और राज्यों में होली पर हिंसा हुई। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया। पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। इसके अलावा पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट, पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं।

मुसलमानों कहना है कि नमाज के वक्त पथराव किया गया। वहीं हिंदुओं का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ से ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है।

## आखिर क्यों बढ़ रहे हैं पुलिसकर्मियों पर हमले

(राकेश अचल-विनायक फीचर्स)

**एक छोटा** सा सवाल है कि आखिर देश के हर हिस्से में पुलिस क्यों पिटती है ? क्या देश में जनता को खाकी वर्दी से अब डर नहीं लगता जबकि पुलिस की वर्दी का दूसरा नाम ही खौफ है। मध्यप्रदेश के मऊगंज से लेकर भागलपुर तक और भागलपुर से लेकर जहानाबाद और नागपुर तक पुलिस को पिटते देख ये सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि हिंदुस्तान में आखिर क्या वजह है जो पुलिस का इकबाल मिट्टी में मिल गया है ? सबसे पहले मध्यप्रदेश के मऊगंज की बात करते हैं। मऊगंज में न कोई अबू आजमी है और न किसी औरंगजेब की कब्र ,लेकिन यहां जो बवाल हुआ उसमें एक पुलिस कर्मी की मौत हो गयी और अनेक घायल हो गए। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के गड़रा गांव में दो गुटों के बीच झगड़े की कीमत पुलिस को चुकानी पड़ी। पुलिसकर्मियों की झड़प ने ऐसा स्वरूप लिया कि एक एएसआई रामचरण गौतम की जान चली गई। वहीं तहसीलदार समेत कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यहां न कोई हिन्दू था और न कोई मुसलमान। पक्षकार आदिवासी थे ,लेकिन वे पुलिस पर भारी पड़े। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

मध्यप्रदेश में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हुए चार साल हो गए हैं ,हालाँकि पुलिस कमीश्नर प्रणाली केवल भोपाल और इंदौर शहर में लागू है लेकिन प्रदेश में पुलिस का इकबाल बुलंद नहीं हो पाया। कारण ये है कि प्रदेश की पुलिस भ्रष्ट होने के साथ ही साम्प्रदायिक और नेताओं की कठपुतली बन गयी है। पुलिस में सिपाही से लेकर पुलिस अधीक्षक तक की पदस्थापना में सियासत का दखल है और नतीजा ये है कि लोग अब पुलिस की वर्दी का न सम्मान करते हैं और न पुलिस से खौफ कहते हैं।

अब बात बिहार की कर लेते है। यहां तो पुलिस न सिर्फ पिटती है बल्कि नेताओं के इशारे पर नाचने के लिए भी मजबूर की जाती है ,और आखिर में महकमें की प्रताड़ना का शिकार भी पुलिस वाले ही होते हैं। लालू प्रसाद के बेटे तेजप्रताप के इशारे पर होली के दिन नाचने वाले एक सिपाही को आखिर निलंबित कर दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### चाकू से हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत**

**मुरथल थाना सोनीपत पुलिस** ने चाकू से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शिवम उर्फ शिबू व अमन उर्फ स्टार निवासी नया बांस सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी सागर ने गत चार फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने दोस्त कपिल, रितेश, अंकित, सोनू के साथ सोनू की कार में सवार होकर सुखदेव ढाबे पर खाना-खाने के लिए आया था। ढाबे पर बाथरूम में रितेश के साथ कहासुनी हो गई। उसके बाद वह ढाबे से बाहर आ गए। उसके बाद फिर से उनकी कहासुनी हो गई। दो लड़कों ने उसे व कपिल पर हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए वह महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में पहुंचे। जहां से कपिल की हालत गंभीर होने के चलते उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में सिपाही जोगिंद्र की टीम ने दो आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू व कटर को बरामद किया है। आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### रेलवे लाइन पर गए दिव्यांग बेटे को बचाने गया पिता भी ट्रेन की चपेट में आया, दोनों की मौके पर मौत

**सोनीपत**

**अंबाला-दिल्ली रेल** मार्ग पर शनि मंदिर सोनीपत के पास ईदगाह कॉलोनी के सामने ट्रेन की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम ईदगाह कॉलोनी निवासी मेहरबान (34) अपने बेटे सुफियान (8) को दवा दिलाने लेकर आया था। सुफियान मानसिक रूप से दिव्यांग है। उनका दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से उपचार चल रहा था। मेहरबान बेटे के साथ रेलवे लाइन पार करने लगे तो उनका बेटा अचानक भाग लिया। ट्रैक पर ट्रेन को आता देख मेहरबान अपने बेटे को बचाने के लिए उनके पीछे भागा। बेटे को बचाने के प्रयास में दोनों दादर एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन चालक ने मामले से स्टेशन मास्टर को अवगत कराया। स्टेशन मास्टर ने राजकीय रेलवे थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी मिली कि मेहरबान राजमिस्त्री का काम करता था। उसके बेटे का उपचार दिल्ली के एम्स में चल रहा था। सुफियान चार वर्ष का हुआ तो उन्हें दिव्यांग होने के बारे में जानकारी मिली। उसके बाद से उसका उपचार चल रहा था।

### खेती करने वाली महिला व डेयरी सहित बागवानी में मिलेगा ब्याज मुफ्त ऋण

**सोनीपत**

**प्रदेश सरकार की तरफ से** बजट में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खेती-बाड़ी में व डेयरी फार्मिंग, बागवानी व पशुपालन सहित मत्स्य में ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया है। महिला किसानों को एक लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इससे जिले की 22 हजार महिलाएं लाभान्वित होगी। जिससे महिला उत्थान की राह खुलेगी। महिला सुरक्षा के लिए भी विशेष प्रावधान बजट में किया गया है। डेयरी फार्मिंग, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन में लगी महिला किसानों को एक लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिए जाने की योजना महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित होगी। बजट के अभाव में महिलाएं काम शुरू नहीं कर पाती। बिना ब्याज ऋण मिलने पर वो घर पर रहकर की जीविका की व्यवस्था कर पाएंगी। वहीं ग्रामीण आंचल की ज्यादातर महिलाएं खेती-बाड़ी

# समाधान शिविर में 38 समस्याओं में से किया 36 समस्याओं का समाधानः डा.रमन गुप्ता

#### शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है निवारण, लोगों को समाधान शिविरों में रखनी चाहिए अपनी शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र 18 मार्च। नगराधीश** डा. रमन गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की तरफ से रोजाना लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। नगराधीश डा. रमन गुप्ता मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इससे पहले डा.रमन गुप्ता ने क्रिड



और अन्य विभागों से सम्बन्धित 38 समस्याओं को सुना और इनमें से 36 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया है और शेष समस्याओं का जल्द समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करे और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करे। इस विषय को गंभीरता के साथ लेना है और लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद समाधान भी करना है। उन्होंने कहा कि अगर लोग हर विभाग से सम्बन्धित समस्या को समाधान शिविर में लेकर आएंगे और इस शिविर में बैठे अधिकारी लोगों की समस्या का समाधान करेंगे तभी सरकार का मकसद पूरा हो पाएगा। सरकार ने लोगों की हर प्रकार की समस्या का समाधान करने के लिए एक ही छत के नीचे समाधान शिविर लगाने का निर्णय लिया। इस शिविर के लिए उपायुक्त नेहा सिंह ने बकायदा रोस्टर तैयार किया है और अब अधिकारी इस रोस्टर के अनुसार लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे है। इस मौके पर सदस्य एवं समाजसेवी रामपाल पाली सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री शाह से राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने की शिष्टाचार भेंट



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : गुजरात के राज्यपाल** श्री आचार्य देवव्रत ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण, भूमि की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन की घोषणा की है। यह मिशन आगामी 1 अप्रैल से पूरे देश और गुजरात में लागू किया जाएगा। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत ने गुजरात में इस मिशन के कार्यान्वयन की तैयारियों और संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को दी।
इसके अलावा, विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के तहत गुजरात के विश्वविद्यालयों के युवाओं की भागीदारी को लेकर मार्गदर्शक पहलुओं पर भी उन्होंने प्रधानमंत्री से चर्चा की। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में किए जा रहे प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नशामुक्ति अभियान में विश्वविद्यालयों के छात्रों की सहभागिता पर चर्चा की।

## दो-पहिया वाहन चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः क्राइम यूनिट वेस्ट** सोनीपत की पुलिस टीम ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नीरज उर्फ बिठूल कानिया निवासी धानक बस्ती, जोगिंद्र उर्फ विक्की निवासी नाहरी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। चार मरला निवासी गौरव ने 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था वह गांधी चौक पर अपनी बाइक को खड़ी करके अपने दोस्त के घर चला गया।

# डीटीपी ने अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा : जिला नगर** योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार लाडवा में राजस्व संपदा लाडवा में 1.80 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 1.80 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के




आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 1.80 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 1.80 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्टद करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें।

## घरौंडा में 21 से 23 मार्च तक होगा 11वें मेगा सब्जी एक्सपो

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा उद्यान** विभाग की ओर से सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा में आगामी 21 से 23 मार्च तक 11वां मेगा सब्जी एक्सपो-2025 का आयोजन किया जाएगा। सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा के उप निदेशक डॉ. बिल्लू यादव ने बताया कि सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा में तीन दिवसीय 11वां मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में सब्जी की फसलों मधुमक्खी पालन, आलू बीज उत्पादन पर तकनीकी जानकारी किसानों को दी जाएगी। इसके अलावा इस 11वां मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी तथा तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को 11वां मेगा सब्जी एक्सपो-2025 का उद्घाटन होगा। उद्घाटन अवसर पर प्रातः 9 बजे से किसानों का पंजीकरण शुरू हो जाएगा। यह पंजीकरण तीनों दिन जारी रहेगा। इन तीन दिनों में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं किसानों व आए हुए अतिथियों को केंद्र का भ्रमण भी करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11वां मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में उत्कृष्ट बागवानी पुरस्कार दिया जाएगा तथा बागवानी पर सेमिनार एवं प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

# केयू करेगा ललित कला अकादमी, चंडीगढ़ में वार्षिक कला प्रदर्शनी प्रतिभागिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू ललित कला विभाग 19 मार्च को पंजाब ललित कला अकादमी, चंडीगढ़ में बहुप्रतीक्षित वार्षिक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन करने जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्देश्य उभरते कलाकारों को अपने रचनात्मक प्रयासों को जनता और कला विशेषज्ञों के सामने प्रस्तुत करने हेतु एक प्रतिष्ठित




मंच प्रदान करना है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का ललित कला विभाग लंबे समय से दृश्य कला शिक्षा में उत्कृष्टता का केंद्र रहा है, जो अपने छात्रों में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देता है। प्रदर्शनी में कलात्मक अभिव्यक्तियों का एक प्रभावशाली स्पेक्ट्रम प्रदर्शित किया गया है, जिसमें तेल और ऐक्रेलिक पेंटिंग, चारकोल स्केच, नाजुक जल रंग और धातु, पत्थर और लकड़ी में जटिल रूप से गढ़ी गई कलाकृतियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें डिजिटल कलाकृतियाँ, कपड़ा-आधारित रचनाएँ और प्रयोगात्मक फोटोग्राफी शामिल हैं, जो समकालीन कला की गतिशील और विकसित प्रकृति को दशार्ती हैं। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में विजय कुमार की उपस्थिति रहेगी, जो डॉ. गुरचरण सिंह (अध्यक्ष, ललित कला विभाग) के साथ इस कलात्मक प्रयास को अपना सम्मानित समर्थन देंगे। यह प्रदर्शनी 19 मार्च, 2025 से 23 मार्च, 2025 तक सोभा सिंह आर्ट गैलरी, पंजाब कला भवन अकादमी, सेक्टर 16-बी, चंडीगढ़ में जनता के लिए खुली रहेगी

# संबल कार्यक्रम के अन्र्तगत नुक्कड नाटक का किया जा रहा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**समालखा खण्ड के** 32 गावों में एम3एम फाउन्डेशन के कौशल संबल कार्यक्रम के अन्र्तगत नुक्कड नाटक का आयोजन किया जा रहा है। 17 मार्च से 24 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक एवं युवतियों को तकनीकि शिक्षा प्रदान करके रोजगार से जोडना है। जिसके अन्र्तगत 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को 11 कोर्सो (इलैक्ट्रीशियन




एवं बिल्डिंग औटोमेशन, मेसन, डाटा एंट्री आपरेटर, सिलाई मशीन आपरेटर, प्लम्बर, बैल्डर, व्यूटी थैरपिस्ट, आर्किटेक्कर एवं कंसट्रक्शन, सोलर पीवी मैन्युफैक्करिंग असिसटेन्ट, कारपेन्टर, नर्सिंग असिसटेन्ट,) में निःशुल्क तकनीकि प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान कर रोजगार से जोडने का कार्य किया जायेगा।

## शिकायतों का मौके पर ही हुआ निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा सरकार** के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया।

# ऊं गुरू शरणम ने दुःख भंजन दरबार में मनाया होली महोत्सव

**टीम एक्शन इंडियटा**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**ऊं गुरू शरणम द्वारा दो** दिवसीय वार्षिक होली महोत्सव का तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दुःख भंजन दरबार में धूमधाम के साथ संत श्री आनंद प्रकाश जी महाराज की अध्यक्षता में मनाया गया। वा?षक होली महोत्सव के प्रथम दिन महाकाली पालकी शोभायात्रा दोपहर 3 बजे कोहण्ड स्थित महाकाली श्री दुःख भंजन दरबार से चलकर सांय 5 बजे सेक्टर 13 के वृन्दा एन्क्लेव के भागवत पार्क न.3 में पहुंची। जहां पालकी शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं सांय 6 बजे शोभायात्रा भागवत पार्क से चलकर तहसील



कैंप स्थित दुःख भंजन दरबार पहुंची। जहां रात्री 8 बजे से डांडिया नृत्य व श्री महाकाली जी का भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद लंगर लगाया जाएगा। मंच संचालन वेद बांगा, अनिल शर्मा व उंमग आहूजा ने किया। वहीं महोत्सव के दूसरे दिन ध्वजारोहण सेवा प्रातः10 बजे, ज्योत प्रज्जवलित सेवा 10:30 बजे, पालकी दर्शन सेवा 10:45 बजे, शोभायात्रा का शुभारंभ 11 बजे व भंडारा दोपहर 1 बजे लगाया गया। इस दौरान शोभायात्रा में जगह-जगह भक्तों को महाकाली के भव्य स्वरूप के दर्शन हुए व आशीर्वाद मिला। वहीं संत श्री गाड्डू लाल श्री 108 महंत गोस्वामी वेद प्रकाश जी महाराज, श्री 1008 ब्रह्म महंत श्रीनाथ जी महाराज व संत श्री आनंद प्रकाश जी महाराज का भी आशीर्वाद मिला। इस अवसर पर लवली सचदेवा परिवार,
विक्की शर्मा,धीरेन्द्र गोयल,संदीप गुप्ता, संजय कोचर, डा.अतुल गर्ग, पंकज, पवन, नरेश मोंगिया, अमित, विशाल, महक दिवान व कुसुम शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पीआरपीसी ने सरकारी विद्यालयों की छात्राओं को साइकिल वितरण की


**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**इंडियन ऑयल की पानीपत** रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 18 मार्च, 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आसन कलां में स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण की। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा इसके पहले 10 मार्च को ददलाना गाँव की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओ को साइकिल वितरण की गई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कैला, कार्यकारी निदेशक थे। इस अवसर पर ओम प्रकाश , मुख्य महाप्रबंधक पीआरपीसी, तथा



विवेक नारायन, महाप्रबंधक पीआरपीसी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अनीता बटला, प्रधानाचार्य, एवं जोगिंदर, सरपंच, आसन कलां गाँव एवं गाँव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर अजय कैला ने विधार्थिनिओ को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई करके और आगे बढ्ने के लिए प्रेरित किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि पीआरपीसी की इस निस्वार्थ सेवा के जरिए इन स्कूली छात्राओं को जो साइकिले दी जा रही हैं, उनसे इनके स्कूल मे आने जाने मे सुविधा होगी और इन छात्राओं का समय बचेगा। साथ ही इन छात्राओ की स्कूल मे उयस्थिति के दिनों मे भी इजाफा होगा और छात्राएँ अपने अध्ययन मे ज्यादा समय दे पायेंगी। अनीता बटला, प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आसन कलां ने भी अपने संबोंधन मे पीआरपीसी इंडियनऑयल के इस सहयोग की सराहना की।
जोगिंदर , सरपंच आसन कलां ने इंडियनऑयल की पीआरपीसी के प्रबंधनवर्ग से मिल रहे लगातार सहयोग के लिए अपने आभार प्रकट किया । गौरतलब है कि पीआरपीसी ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत इस वित्त वर्ष 2024-25 में 900 स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण की योजना है जिसका अनुमानित बजट 48 लाख रुपये रखा गया हैं।

# डॉरिटोस ने शानदार एक्टिवेशन की पेशकश के साथ होली के जश्न को दिया नया आयाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। रंग,** ऊर्जा और मौज-मस्ती के पर्व होली के मौके पर, इस साल डॉरिटोस ने जश्न के माहौल में नए रंग भरे। गैलेरिया मार्केट, गुड़गांव में ब्रैंड ने लार्जर-देन-लाइफ, टार्गेट-बेस्ड एक्टिवेशन को पेश किया जिसमें प्रतिभागियों ने डोरिटोस के लोगो पर पानी से भरे गुब्बारे फेंके और होली के रोमांच को और बोल्ड अंदाज दिया। इस एक्टिवेशन के जरिए ब्रैंड ने जनता तक यह संदेश दिया कि ह्यइस होली गुब्बारे लोगों पे नहीं, लोगो पे बरसाओह्ण। बेशक, पानी से भरे गुब्बारे फेंकने से जो मजा मिलता है, उससे इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन जब खुद आप पर ऐसे गुब्बारे पड़ते हैं




तो मजा किरकिरा भी हो जाता है। डोरिटोस ने इस पूरे समीकरण को ही बदलकर रख दिया और इस बार लोगों की बजाय अपने त्रिकोणीय लोगो पर गुब्बारे फेंकने के लिए लोगों को प्रेरित किया, जिसने यह सुनिश्चित किया कि मौज-मस्ती का जश्न जरा भी फीका न पड़े। इस कैम्पेन के बारे में, आस्था भसीन, मार्केटिंग डायरेक्टर, कुरकुरे~ एंड डोरिटोस, पेप्सिको इंडिया ने कहा, ह्लहोली खुशियों का त्योहार है, और डोरिटोस इस बार खुशियों के पलों को अगले मुकाम पर ले गया। हमने इस पर्व के उत्साह और अतिरेक में नई मौज और उमंग को भरने का प्रयास किया। इस ओओएच एक्टीवेशन के जरिए, हमने एक ऐसे अवसर को पेश किया जहां लोग रंगों की होली को पूरे उत्साह के साथ मिल-जुलकर खेल सकें। विक्रम पांडेय, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, लियो झ्र साउथ एशिया ने कहा, ह्लबतौर ब्रैंड डोरिटोस का हमेशा से लोगों के साथ मजबूत जुड़ाव रहा है और होली के मौके पर हमने ऐसा प्लेटफार्म तैयार किया जिस पर हर कोई बिना कोई नुकसान पहुंचाए रंगों की मस्ती और पानी के गुब्बारों से खेलने का आनंद ले सके। इसी को ध्यान में रखकर हमने डोरिटोस के लोगो को लक्ष्य बनाया।

## न्यूज फ्लैश

### हर हरियाणवी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा नायब का नायाब बजट : धनखड़

**चंडीगढ़। प्रदेश के** मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का दायित्व संभाल रहे श्री नायब सिंह सैनी अपने पहले बजट में हर हरियाणवी की आकांक्षाओं पर खरे उतरते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं विधान सभा चुनाव में पार्टी संकल्प पत्र प्रमुख रहे ओम प्रकाश धनखड़ ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादों को बजटीय प्रावधान के साथ पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने बजटीय भाषण की शुरूआत में ही कहा कि हमने कुल 217 वादे किए थे। इनमें में से 19 वादे पूरे कर दिए हैं, 14 पर कार्य चल रहा है और 90 वादों के लिए इस बजट में प्रावधान कर दिया। महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने के लिए पांच हजार करोड़ का प्रावधान बजट किया है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बिना बजट का हिसाब किताब लगाए खटाखट वाली घोषणा करती है। भाजपा की यही विशेषता है कि हम जो कहते हैं, वह पूरा करते हैं। पीएम मोदी जी के कुशल और सशक्त नेतृत्व की यही पहचान है जो बोला वो पूरा किया। धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में नवाचार, तकनीक, रोजगार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से भविष्य की जरूरतों को आधार मानकर बजटीय प्रावधान किए हैं। खेती- किसानी, खेल- खिलाड़ी, पशुपालन, बागवानी, शिक्षा, मेडिकल और तकनीकी उच्च शिक्षा आदि पर फोकस किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि प्राकृतिक और बागवानी की खेती को और ज्यादा प्रोत्साहित करना सराहनीय है। यह बजट सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को प्रतिबिंब करता है। यह बजट हरियाणा को प्रगति के आयाम पर लेकर जाएगा। वर्ष 2047 विकसित भारत के सपने को साकार करने में हरियाणा अहम भागीदारी करेगा।

### प्रदेश का आम बजट हर वर्ग के लिए हितैषी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नीलोखेड़ी के** विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने हरियाणा प्रदेश के आम बजट का स्वागत किया और कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता के लिए खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा। यह बजट हर वर्ग को राहत पहुंचाने के साथ-साथ किसानों, मजदूरों, युवाओं व महिलाओं की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करने का कार्य करेगा। उन्होंने नीलोखेड़ी में स्थित इंजीनियरिंग संस्थान को हरियाणा प्रौद्योगिकी संस्थान में अपग्रेड किए जाने की घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं, वर्ष 2025-26 में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों की तर्ज पर हर जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव लेकर आई है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों द्वारा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 20 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आवंटन से हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को एक लाख रुपये वार्षिक तक की छात्रवृत्ति दिए जाने के प्रावधान का स्वागत किया।

# आर्य कॉलेज के स्वयंसेवकों ने किया विवि स्तरीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन

## शिविर में उपस्थित सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखकर अपने अनुभव सांझा किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,** कुरुक्षेत्र की एनएसएस इकाई द्वारा 9 से 15 मार्च तक छात्र एवं छात्राओं के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर कॉलेज कैथल एवं डीएन कॉलेज कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में उपस्थित सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखकर अपने अनुभव सांझा किए। सात दिवसीय शिविर में पोस्ट्री, स्लोगन,राइटिंग,डांस,रंगोली,मेंहदी और पोस्टर मैकिंग जैसी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य कॉलेज के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता को बधाई देते हुए



विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। और कहा कि सभी छात्रों को पूर्ण समर्पण और सेवाभाव से ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए जिससे हमारा राष्ट्र हमेशा उन्नति के पथ पर अग्रसर रह सके। इस अवसर पर शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित स्टेट एनएसओ ऑफिसर डॉ. दिनेश कुमार के साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ आनंद कुमार ने आर्य कॉलेज की सराहना करते हुए महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता और एनएसएस पीओ डॉ. मनीषा डुडेजा को बधाई दी। उन्होंने कहा की आर्य महाविद्यालय हमेशा राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर रहता है। आर्य महाविद्यालय समय-समय पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान जैसे अनेकों अभियान चला जनहितैषी कार्यों में अपना सम्पूर्ण योगदान करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के साथ जोड़ने का माध्यम है। एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता ने बताया कि पोइट्री एवं स्लोगन राइटिंग में बीकॉम तृतीय वर्ष से शिवम, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा अंशिता, मंशा, संजना, ईशा, नैना ने पोस्टर मैकिंग एवं डांस प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष से राधे श्याम ने, पोइट्री एवं पोस्टर मैकिंग में बीकॉम द्वितीय वर्ष से रितिक ने, पोइट्री एवं डांस में बीकॉम तृतीय वर्ष से विष्णु ने साथ ही स्लोगन राइटिंग में बीएसए तृतीय वर्ष से सुमित पाठक ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और शिविर में प्रशिक्षण हासिल किया। वहीं, एनएसएस इकाई की पीओ डॉ. मनीषा डुडेजा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन को एक नए नजरिए से देखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को समाज की सेवा के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करना है और सकारात्मक सोच से हम अपने जीवन को बदल सकते हैं और हमे हमेशा राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए।

## संस्कृत विभाग के द्वारा हवन यज्ञ का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन)**
आई. बी. महाविद्यालय, पानीपत में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग के द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ अंजली ने पूरी विधि विधान के साथ इस हवन का शुभारम्भ मंत्रो उच्चारण के द्वारा किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने बताया की कॉलेज प्रबंधन की हमेशा से ये ही कोशिश रही है कि हम हमारे विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिलवाया जाए और हवन में काम में ली जाने वाली जड़ी बूटी युक्त हवन सामग्री, शुद्ध घी, पवित्र वृक्षों की लकड़ियां, कपूर आदि के जलने से उत्पन्न अग्नि और धुएं से वातावरण शुद्ध तो होता ही है,नकारात्मक शक्तियां भी दूर भागती हैं उप-प्राचार्या डॉ किरण मदान यजमान रही। संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने बताया की वायु प्रदूषण को कम करने के लिए भी ऋषि मुनि लोग यज्ञ किया करते थे और तब हमारे देश में कई तरह के रोग नहीं होते थे। उप-प्राचार्या डॉ. किरन मदान ने बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और बैक्टीरिया खत्म होते हैं, सनातन धर्म में हवन का विशेष महत्व होता है, घर को पवित्रता बनाए रखने के लिए तथा सकारात्मक शक्ति का संचार करने के लिए लोग अपने घरों में हवन करवाते हैं। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने संस्कारशाला क्लब की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हवन के उपरांत सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया।

## जीटी रोड टोल के नजदीक बनेगा ऑटोमोबाइल मार्केट, विधायक प्रमोद विज की मांग को सरकार ने किया स्वीकृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पानीपत शहर** की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु विधायक प्रमोद विज के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं बजट सत्र के सातवें दिन विधायक ने विधान सभा के पटल पर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु शहर में जगह-जगह खुले ऑटो मोबाइल दुकानों और रिपेयर वर्कशॉप को शहर से बाहर करने एवं सरकार के द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में प्रश्न किया जिस पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु निरन्तर कार्य कर रही है एवं ऑटो मोबाइल मार्केट को शहर से बाहर शीघ्र ही शिफ्ट किया जाएगा" मंत्री ने कहा कि टोल के पास दिल्ली जाते हुए ट्रांसपोर्ट विभाग की वर्कशॉप है जहाँ पांच एकड़ जगह है" वहां शीघ्र ही ऑटोमोबाइल मार्केट बनाई जाएगी विधायक विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, मंत्री कृष्ण लाल पंवार एवं मंत्री महिपाल ढांडा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शहर के लिए आवश्यक मांग थी।

## दिमाग में आइस फैक्ट्री खोलें, मुख में शुगर फैक्ट्री खोलें दिल में लव फैक्ट्री खोलें- बीके

**अनुभूति**

▶▶ तनाव से मुक्त होने का एक फार्मूला है, जितनी हमारी आंतरिक शक्ति बढ़ती है, उतना ही हमे दिव्यता की अनुभूति होती है



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: ब्रह्माकुमारीज** शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा वशिष्ट नगर, अंबाला कैंट में "शांत मन खुशनुमः जीवन" विषय पर बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहां की आप अपने दिमाग में आइस फैक्ट्री खोलें अर्थात दिमाग को ठंडा रखें। मुख में शुगर फैक्ट्री खोलें अर्थात जबान को मीठा रखें और दिल में लव फैक्ट्री खोल अर्थात दिल में सबके प्रति प्रेम की भावना रखें। आगे उन्होंने कहा कि अध्यात्म भी मनुष्यों को शांति और सुरक्षा प्रदान करता है। हम केवल बाहरी सुरक्षा की बात नहीं करते लेकिन आत्मा के जो शत्रु है, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, आलस, बदले की भावना इन सबको भी खत्म करने की विधि बताते हुए कहा, मेडिटेशन इसकी सबसे सुंदर विधि है। हम कितने भी बिजी हो लेकिन अपने मन को इसी रख सकते हैं। मेडिटेशन में भी हम सीखते है कि कैसे कर्म करते हुए कुछ पल परमात्मा की स्मृति में रहने का अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन के चार मुख्य आधार हैं, तन मन धन और हमारे संबंध। इन चारों को स्वस्थ, साफ, जिम्मेवार, ईमानदार रखना बहुत आवश्यक है, इसलिए हम सभी को कुछ समय निकाल करके खुली हवा में सैर भी करना चाहिए। समय पर भोजन भी करना चाहिए। हमें अपनी दिनचर्या ऐसी बनानी है जिसमें इन चारों आधारों पर हम बराबर अटेंशन दे सकें। धन भी कमाए लेकिन साथ-साथ परिवार को भी खुश रखें साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तनाव से मुक्त होने का एक फार्मूला है, जितनी हमारी आंतरिक शक्ति बढ़ती है, उतना ही हमे दिव्यता की अनुभूति होती है। कार्यक्रम में बीके ब्रह्मदत्त, बीके सुदेश, बीके सुरिंदरा, बीके अमरजीत व अन्य जन उपस्थित रहे।

## बच्चों ने जमकर भारतीय संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**पीसीसी एकेडमी के** निदेशक डॉ राजीव परुथी ने आई ऐ वी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनुअल फंक्शन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने राजीव परुथी का स्वागत किया। स्कूल के प्रांगण में मंच पर बच्चों ने जमकर भारतीय संस्कृति को दिखाने का काम किया। यह स्कूल पानीपत के सिवाह गांव में स्थित है मौके पर



हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने भी शिरकत की एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने राजीव परुथी की जमकर तारीफ की मौके पर राजीव परुथी ने कहा यह हरियाणा का एकमात्र ऐसा स्कूल देखा है जहां

**मांग**

▶▶ राजीव परुथी की जमकर तारीफ की मौके पर राजीव परुथी ने कहा यह हरियाणा का एकमात्र ऐसा स्कूल देखा है

पर संस्कार एवं भारतीय संस्कृति को जोड़ने के कार्य पर ध्यान दिया जाता है। आए हुए सभी अभिभावकों को अंग्रेजी भाषा के महत्व को बताया एवं राजीव ने कहा कि के साथ-साथ अभिभावकों को भी अपने अंदर बदलाव लाने की जरूरत है। शिक्षक अकेला कुछ नहीं कर सकता जब तक अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान नहीं रखता स्कूल के प्रधानाचार्य ने राजीव परुथी को भविष्य में जुड़े रहने को कहा ,एवं मौके पर आए हुए सभी अतिथि गणों ने अंग्रेजी भाषा के महत्व पर जोर डाला। इस मौके पर कुशल मित्तल दिव्यांशु आदि मौजूद रहे।

## पाइट में बीबीए के छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में किया टॉप

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
बीबीए के छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टॉप 20 में जगह बनाई है। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में बीबीए की पलक दुआ ने यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलिजों में आगे निकलते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। सभी छात्र-छात्राओं को पाइट में सम्मानित किया गया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने बताया कि पांचवें सेमेस्टर में आदिति गोयल ने पांचवां, अभिषेक कुमार ने आठवां और आदिति गर्ग ने दसवां स्थान



प्राप्त किया। इसके अलावा शीतल ने 13वां, पलक गर्ग और नमिता कौशिक ने 14वां स्थान, हरलीन कौर ने 15वां और दिशा गर्ग ने 16वां स्थान हासिल किया। इन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह किया गया। निदेशक डॉ.शक्ति कुमार एवं बीबीए के विभाग अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग ने करिअर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रीति दहिया, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. शची, डॉ. तनु, राजेश एवं सृष्टि मौजूद रहीं।

## कम दाम पर बेचनी पड़ी फसल

**सोनीपत: सोनीपत-रोहतक रोड** पर स्थित नई अनाज मंडी में सोमवार को रबी सीजन की सरसों की फसल लेकर किसान पहुंचे। गांव बागड़ू के दो किसान एक-एक एकड़ की सरसों की फसल लेकर मंडी में पहुंचे। फसल में नमी की जांच करने पर नमी की मात्रा 8 फीसदी से ज्यादा मिली। वहीं किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण भी नहीं करा रखा था। ऐसे में किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम में फसल बेचनी पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को नई अनाज मंडी में गांव बाघडू निवासी बलवान व जगदीश पहुंचे।

## सरस्वती नदी के किनारे से हटवाई मीट की दुकानें: धुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा** सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरा से बहने वाली पवित्र सरस्वती नदी के किनारें प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण को हटाया गया। इस अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान गांव बिशनगढ़ व धक्का बस्ती के आस-पास नदी के किनारें 6 से 7 मीट की दुकानों को हटाया गया है। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच मंगलवार को सरस्वती नदी के किनारे अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर



रहे थे। इससे पहले सिंचाई विभाग के उपमंडल अधिकारी सोमनाथ के नेतृत्व में गठित टीम ने पुलिस बल के साथ गांव बिशनगढ़ रोड पर धक्का बस्ती के पास सरस्वती नदी के किनारे से मीट की करीब 6 दुकानों को हटाने का काम किया। यह अतिक्रमण हटाओं अभियान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए उपायुक्त नेहा सिंह द्वारा आदेश दिए गए थे और बकायदा एसडीओ सोमनाथ को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि बोर्ड की तरफ से सरस्वती नदी के किनारे स्वच्छता के साथ-साथ विकास कार्य को लेकर बड़ा प्रोजैक्ट शुरू किया है। इस प्रोजैक्ट को सफल बनाने के लिए सबसे पहले सरस्वती नदी के किनारे दोनों तरफ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाना जरूरी है। इन अवैध कब्जों को हटाने के लिए उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशों के अनुसार प्रशासन ने सराहनीय कार्रवाई की है और मीट की दुकानों को हटवाने का काम किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरस्वती के किनारें किसी प्रकार का अतिक्रमण ना करे अपितु सरस्वती नदी को पवित्रता को बनाए रखे। इस मौके पर बोर्ड के अधीक्षक अभियंता अरविंद कौशिक, कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह सहित आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने लिए बढ़ चढ़ कर लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पूरे देश में सबसे अधिक** चर्चा का कोई विषय है तो वो है एक देश एक चुनाव।आज शहर हो गांव हो हाट बाजार हो या चौपाल हर तरफ एक देश एक चुनाव विषय पर लोग खूब चर्चा कर रहे है। इसी श्रृंखला में आज आर्य कालेज में इसी विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कालेज के छात्रों एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिए। इस प्रतियोगिता में मुख्य वक्ता भाजपा की प्रदेश महा मंत्री डॉ अर्चना गुप्ता रही। डा अर्चना गुप्ता ने प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले चार छात्रों को पुरस्कृत भी किया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों



में शिवानी,सुषमा, अंकिता तथा नीतीश रहे। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि एक देश एक चुनाव आज समय की मांग है।भारत सरकार को इस दिशा में तेजी से कदम उठाने चाहिए। डा अर्चना गुप्ता ने आगे कहा कि बार बार चुनाव आने से संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी होती है यदि एक देश एक चुनाव प्रणाली लागू होती है तो ये संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी रुकेगी ये संसाधन देश के विकास में खर्च होंगे। डा अर्चना ने आगे कहा कि देश में अब हर साल हर महीने चुनाव चलते रहते है ,कभी पार्लियामेंट चुनाव,कभी असेम्बली चुनाव ,कभी स्थानीय निकाय चुनाव या पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव इन बार बार चुनाव आने के कारण चुनाव आचार संहिता लगती है जिससे देश के विकास की गति धीमी होती है यही नहीं कई बार सरकार भी देश के विकास के कार्य नहीं कर पाती है ना ही विकास के फैसले ले पाती है जिससे देश का विकास प्रभावित होता है इसलिए देश का तेज गति विकास करने के लिए भी देश में एक देश एक चुनाव प्रणाली शीघ्र लागू होनी चाहिए। डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि समाज को देश हित में एक देश एक चुनाव के लिए आवाज बुलंद करनी चाहिए। डा अर्चना ने कहा कि कालेज छात्र देश की हर प्रकार की स्थिति तथा घटनाक्रमों से वाकिफ होते है यही लोग देश के भले बुरे के बारे सबसे अधिक चिंतन करते है इसलिए, छात्रों को मुखर होकर एक देश एक चुनाव की आवाज उठानी चाहिए।

## हर जिले में मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**प्रदेश के शिक्षा मंत्री** महिपाल ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बतौर वित्तमंत्री बजट पेश करते हुए, शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2025-26 में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों की तर्ज पर हर जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा है जिससे शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों द्वाराअनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 20 करोड़ रुपए के प्रारंभिक आवंटन से हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष बनाये जाने का प्रस्ताव रखा गया है। कल्पना चावला छात्रवृति योजना के अंतर्गत विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को एक लाख रुपए वार्षिक तक की छात्रवृत्तियाँ दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 3 लाख रुपए से कम आय वाले परिवार में विश्वविद्यालयों के प्रांगणों में स्थित महाविद्यालयों में बीएससी कोर्सेस में पढ़ रही लड़कियों की ट्यूशन फीस माफ होगी। सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में उद्योग-अकादमिक भागीदारी को अनिवार्य किया जाएगा। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कम से कम 10 प्रतिशत पाठ्यक्रमों को ह्यासीखते हुए कमाएंह्नह्न मॉडल में परिवर्तित किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत चयनित विद्यार्थी को 6,000/- का मासिक मानदेय मिलेगा, जिसके लिए 36 करोड़ का बजट का प्रस्ताव किया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा को अधिक लचीला बनाने के लिए क्रेडिट पोर्टेबिलिटी प्रणाली लागू की जाएगी। ढांडा ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के तहत राज्य के स्नातकऔर स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के 2,000 विद्यार्थियों को 10,000 रुपये का मासिक मानदेय इंटर्नशिप कराई जायेगी।

# सरस्वती नदी को पुर्नजीवित करने के लिए सरकार ने बनाया विशेष सार्वजनिक ट्रस्टः सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सरस्वती नदी के साथ-साथ राखीगढ़ी सभ्यता को पुर्नजीवित करने के लिए हरियाणा सप्त सिंधु सरस्वती साहित्य कला एवं संस्कृति के नाम से एक सार्वजनिक ट्रस्ट बनाया गया है। इसके लिए बकायदा बजट का भी प्रावधान किया गया है। इस परियोजना से कुरुक्षेत्र के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और सरस्वती नदी का भव्य स्वरूप भी देखने को मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि



सरस्वती नदी और राखीगढ़ी सभ्यता हमारी विशाल सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहर है। इसको पुर्नजीवित करने के लिए हरियाणा सप्त सिन्धु सरस्वती साहित्य, कला व संस्कृति के नाम से एक सार्वजनिक ट्रस्ट बनाया जाएगा। इसके लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 25 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया जाएगा। इस बजट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग को वर्ष 2025-26 में 262.31 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से करीब 40 किलोमीटर दूर अम्बाला में राष्ट्रीय राजमार्ग पर 538 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक का कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा करके इसका लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत कुरुक्षेत्र से भी कम आय वाले परिवारों के बुजुर्गों को अयोध्या तीर्थ के दर्शन और प्रयागराज के महाकुम्भ में संगम स्नान करवाया गया। वित्त वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत माता वैष्णो देवी और शिरडी सांई मन्दिर के लिए यात्राएं शुरू करवाई जाएगी।

**गुरु रविदास के स्मारक के पर्यवेक्षण व प्रशासन के लिए एक पृथक ट्रस्ट की स्थापना**

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए बजट में उल्लेख किया गया है कि गुरू रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं को नई पीढि?ों को बताने के लिए पीपली में एक स्मारक बनाया जाएगा। इस स्मारक की नागरिक सहभागिता बढ़ाने व इसके पर्यवेक्षण व प्रशासन के लिए एक पृथक ट्रस्ट की स्थापना की जाएगी और इसे प्रारम्भिक निधि के रूप में 5 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन किया।

# परशुराम गौड़ ने महायज्ञ में आने का निमंत्रण दिया

**महायज्ञ**

**पंडित परशुराम गौड़ ने घर घर जाकर लोगों से कुरुक्षेत्र के इस महायज्ञ में पहुंचने का आह्वान किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**भगवती त्रिपुरा** सुंदरी की कृपा करुणा से परम पूज्य प्रातः स्मरणीय श्री समलंकृत जगद्गुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज द्वारा कल से शुरू हो 1008 कुंडिय शिव शक्ति महायज्ञ का प्रचार करते हुए पंडित परशुराम गौड़ ने घर घर जाकर लोगों को महायज्ञ में आने का निमंत्रण दिया। महायज्ञ के व्यवस्थापक पं.परशुराम गौड़ ने बताया कि महाराज जी द्वारा संकल्पित 108 महायज्ञों की श्रृंखला में ये 102 वाँ यज्ञ होने जा रहा है। इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य सनातन का प्रचार करना व अकाल महामारी, प्राकृतिक आपदा से जीवों की रक्षा करना है। यह यज्ञ 18 से 27 मार्च तक केशव पार्क नजदीक सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में मां मोक्षदायिनी गंगाधाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया है। पंडित परशुराम गौड़ ने मानवमात्र से अपील की है कि इस 1008 कुंडिय महायज्ञ में एकजुट होकर अपने मन, कर्म, वचन ओर वाणी को शुद्ध करने का संकल्प ले और एक बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाए। इस महायज्ञ के आयोजन में महाराज जी द्वारा महाकुंभ में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से गंगा जल लाकर कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर में डाला गया है अब ब्रह्मसरोवर में स्नान करने वाले को महाकुंभ में किए गए स्नान का फल यही कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर में मिलेगा। पंडित परशुराम गौड़ ने घर घर जाकर लोगों से कुरुक्षेत्र के इस महायज्ञ में पहुंचने का आह्वान किया।

## न्यूज फ्लैश

### बजट सफेद हाथी- प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा



**सोनीपतः हरियाणा प्रदेश कांग्रेस** के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने हरियाणा बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा मे कल पेश किए गए बजट से भाजपा सरकार ने फिर से ये साबित किया है कि ये सरकार जनता की सरकार नहीं है। इनको जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है इनका मकसद सिर्फ चुनावों मे झूठे वायदे करके सरकार बनाने तक ही सीमित है। इन लोगों को सिर्फ अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने के अलावा कोई और काम नहीं है । कुल मिला कर ये बजट सिर्फ सफेद हाथी साबित होगा। चुनाव के वक्त भाजपा द्वारा महिलाओं और बेरोजगारों के सन्दर्भ मे बड़े बड़े वायदे किए गए। नए नए सब्जबाग दिखाए गए और जब करने का समय आया है तो उनको आकड़ों और शर्तों मे उलझाकर रख दिया है। चुनावी फायदे के लिए प्रदेश भर मे आनन फानन मे अयोग्य परिवारों के बीपीएल राशन कार्ड और पैन्शन बना कर चुनावी लाभ उठाया गया। अब सर्वेक्षण के नाम पर प्रदेश की जनता को बेवजह परेशान किया जा रहा है। जो काम इन्होंने पहली कलम से करने का वायदा किया था, उनका क्या हुआ ? वो कलम टूट गई या चोरी हो गई ? प्रदेश की जनता को अब समझ आ रहा है कि उसके साथ कितना छल हुआ है। यदि वास्तव मे प्रदेश सरकार जनता का भला चाहती है तो अपने चुनावी वायदे अक्षरशः पूरे करे और प्रदेश की जनता को महंगाई और परेशानियों से निजात दिलाए।

### कार्यालय से लैपटॉप व अन्य सामान चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः सिविल लाइन थाना क्षेत्र** में कार्यालय से लैपटॉप व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्ण निवासी बिजनौर यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव चौधरीवास जिला हिसार निवासी धर्मबीर ने गत 20 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनकी कंपनी में सोनीपत बीएसएनएल कार्यालय में फाइबर लगाने का काम लिया हुआ है। कंपनी में कृष्ण लेबर का काम करता है। गत पांच मई को वह कार्यालय से लैपटॉप चोरी करके ले गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सिपाही ब्रिजेश की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी एक लैपटॉप, एक चाबी, एक पाना, एक प्लास, एक पेचकस भी बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### आम्रपाली एक्सप्रेस गाड़ी में यात्रियों पर हमला कर नकदी लूटने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग** पर आम्रपाली एक्सप्रेस में यात्रियों पर हमला कर घायल करने व उनसे नकदी लूटने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी तिहाड़ कलां, निखिल निवासी सुभाष नगर, मोहित निवासी सेवली का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पालम दिल्ली निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह रविवार को अपनी बुआ के बेटे राहुल के साथ आम्रपाली एक्सप्रेस में पानीपत से दिल्ली जाने के लिए सवार हुए थे। वह ट्रेन में दिव्यांग डिब्बे में सवार हुए थे। जब वह सोनीपत स्टेशन पर पहुंचे तो यहां से तीन युवक ट्रेन में सवार हो गए। उनमें से एक के हाथ में चापड़ (धारदार हथियार) था। तीनों ने यात्रियों से कहा कि जो उनके पास है निकालकर दे दो। उन्होंने युवकों का विरोध कर दिया। इस पर चापड़ लिए युवक ने उनके साथ मारपीट की। तीनों ने जबरदस्ती उनसे दो हजार रुपये छीन लिये। उनके व उनकी बुआ के बेटे के साथ मारपीट की गई। बाद में सोनीपत-दिल्ली के बीच ट्रेन की चेन पुलिंग कर नीचे उतर कर भाग गए। उन्होंने मामले से पुरानी दिल्ली में राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत कराया।

# हरियाणा प्राइमरी टीचर एसो. की हुई बैठक

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा प्राइमरी** टीचर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की वार्षिक बैठक का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल देवीदास पुरा में हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजपाल कालड़ा व डा. विजेंद्र आचार्य ने संयुक्त रूप से की। बैठक में राजपाल कालड़ा ने कहा कि संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से चलने के लिए सहयोग और अधिक कुशलता से कार्य करने की आवश्यकता है। डा. विजेंद्र सिंह ने जिला स्तर पर प्राथमिक अध्यापकों के कार्यों एवं समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। जिला अध्यक्ष राजपाल कालड़ा ने पिछले वर्ष



से अब तक के अध्यापकों के हित के कार्यों बारे बैठक में जानकारी दी। बैठक में मौजूद सभी अध्यापकों ने एक स्वर में संगठन के कार्यों सहित समस्याओं के समाधान को लेकर संतुष्टि व्यक्त की। साथ ही कहा कि हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन राजपाल कालड़ा के नेतृत्व में अध्यापक हित में कार्य कर रही है। अध्यापकों ने कहा कि अब विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा आरम्भ होने जा रही है। हमें निष्पक्ष तरीके से परीक्षा का मूल्यांकन करना है। आगामी माह में नए विद्यार्थियों का ज्यादा से ज्यादा प्रवेश सुनिश्चित करने का प्रयत्न करना है। सभी उपस्थित एसोसिएशन पदाधिकारियों व अध्यापक साथियों ने हरियाणा प्राथमिक टीचर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर बैठक में डा. विजेंद्र आचार्य के साथ अमित कुमार, जयकुमार, अशोक बोदला, राजेश सेन, सुनील मराठा, उदय राम, वीरेंद्र जिंदल, रामेश्वर, सतीश, प्रवीण, सुरेश, योगेश अनेजा, जय भगवान, प्रेस प्रवक्ता जय कुमार, प्रवीण कौशिक, दयानंद, राजकुमार मेहता, नरेश कुमार, दिनेश कोचर आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# बजट से जनता के सपनों का साकार करने की दिशा में बड़ा कदम-पार्षद बबिता त्रिभुवन कौशिक





**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : पार्षद बबिता त्रिभुवन** कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वित्तमंत्री के नाते पेश किया गया बजट ऐतिहासिक और प्रदेश वासियों के लिए जनकल्याणकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि किसान, महिला, युवा, गरीब कल्याण को समर्पित बजट में हर वर्ग का भरपूर ध्यान रखते हुए प्रदेश को तिगुनी गति से रफ्तार देने वाला साबित होगा। पार्षद बबिता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि अगले 5 वर्षों में 2 लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य नायब सैनी सरकार ने रखा है। इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। भाजपा में बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी देने का वादा निभाया है और आगे भी निभाएंगे।

# युवक के दो-पहिया वाहन सहित अन्य स्थानों से बाइक चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सिविल लाइन थाना क्षेत्र** में अलग-अलग स्थानों से दो-पहिया वाहन चोरी की वारदातें सामने आई है। होली पर्व पर नव निर्वाचित मेयर की तरफ से रखे कार्यक्रम में शिरकत करने आए युवक की बाइक सहित दो अन्य स्थानों से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने इस संबंध में पीड़ितों के बयान दर्ज कर चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। महाबीर कॉलोनी निवासी सुभाष चावला ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को कबीरपुर रोड स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित राजीव जैन के होली मिलन समारोह में गए थे। उन्होंने बाइक को बाहर खड़ा कर दिया। समारोह में शामिल होने के बाद जब वापस घर जाने के लिए बाइक खड़ी करने की जगह पहुंचे तो वहां बाइक नहीं मिली। आसपास के लोगों से बाइक के बारे में बारे में पता किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। बाइक को कोई चोरी कर ले गया। शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**रिश्तेदार से मिलने आए युवक की बाइक चोरी**

मॉडल टाउन में अपने रिश्तेदार से मिलने आए युवक की बाइक चोरी हो गई।

# गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के छात्रों ने पुलिस अकादमी का शैक्षणिक दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ** के छात्रों ने अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम के तहत हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन का दौरा किया। इस शैक्षिक यात्रा का आयोजन सेंटर फॉर लीगल ऐड एंड अवेयरनेस के प्रभारी विभु कौशिक के नेतृत्व में किया गया। दौरे के दौरान छात्रों को पुलिस अकादमी की विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन कराया गया, जिसमें फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, कमांडो प्रशिक्षण स्कूल और अन्य प्रमुख विभाग शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका, आपराधिक न्याय प्रणाली और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली



की विस्तृत जानकारी दी। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाना था। इस अवसर पर गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के प्रिंसिपल, डॉ सुभाष कुमार ने कहा, "इस तरह के शैक्षणिक दौरों से छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी मिलती है, जो उनके करियर के लिए अत्यंत लाभकारी है।" सेंटर फॉर लीगल ऐड एंड अवेयरनेस के प्रभारी विभु कौशिक, जिन्होंने इस दौरे का समन्वय किया, ने कहा, "छात्रों को पुलिस प्रशिक्षण और कानून व्यवस्था की वास्तविक चुनौतियों को समझाने के लिए यह दौरा अत्यंत उपयोगी साबित हुआ। हम हरियाणा पुलिस अकादमी के आतिथ्य और सहयोग के लिए आभारी हैं।"

# लोक निर्माण विभाग की तरफ से टेंडर किया जा चुका है जारी

**सोनीपतः वर्ष 2025-26** में जिला नागरिक अस्पताल परिसर में 100 बेड का अत्याधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) विंग के निर्माण करवाने की घोषणा की गई है। हालांकि उक्त कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग की तरफ से पहले ही टेंडर जारी किया हुआ है। विभाग की तरफ से 65 करोड़ रुपये का टेंडर जारी कर रखा है। नागरिक अस्पताल में स्थापित होने वाली विंग में माताओं और नवजात शिशुओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से यह सुविधा 100 बिस्तरों वाली आधुनिक विंग साबित होने की उम्मीद है।

# तेजेंद्र के अनुभव का पार्टी को मिलेगा लाभः अनिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : भारतीय जनता पार्टी** के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के क्रम में कुरुक्षेत्र को तेजेंद्र सिंह"गोल्डी" के रूप में नया जिला अध्यक्ष मिला है।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी को पुष्प - गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ अर्चना गुप्ता द्वारा जारी पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अनुमति और सहमति उपरांत प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने सत्ताइस नए जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की हैं जिनमें संगठन



की दृष्टि से पांच नए जिले डबवाली,गोहाना,बल्लभगढ़,पटौदी और हांसी में भी जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में तेजेंद्र सिंह गोल्डी को जिले की कमान सौंपी गई है।अनिल वर्मा ने कहा कि उनको उम्मीद है कि भाजपा के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके तेजेंद्र सिंह के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।अनिल वर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली,पूर्व मंत्री बनवारी लाल, सुभाष सुधा सहित पार्टी के तमाम शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनको उम्मीद है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में अपने अनुभव का इस्तेमाल करेंगे।जिला महिला मोर्चा की महामंत्री वंदना गौरी ने भी जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में जिला भाजपा की और अधिक प्रगति की आशा व्यक्त की।उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पण की बदौलत ही शीर्ष नेतृत्व ने उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है।जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर जिलेभर के भाजपा पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने जिला कार्यालय में तेजेंद्र सिंह गोल्डी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# गरीब, किसान, मजदूर, महिला सहित सभी वर्गों के हितों का बजटः योगेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। विधायक योगेन्द्र** राणा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वित्तमंत्री के रूप में पेश किये गए बजट का स्वागत किया और इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं व सभी वर्गों के हितों के लिए लाभकारी रहेगा तथा विकसित हरियाणा बनाने के लिए कारगर साबित होगा। विधायक ने बताया कि आम बजट में कृषि क्षेत्र हो, पशुपालन एवं डेयरी और मत्स्य पालन, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, पंचायती राज संस्थान और ग्रामीण विकास, शहरी विकास, नगर एवं ग्राम आयोजना, सडकें, रोजगार के मुद्दे, सहकारिता, खेल, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, श्रमिकों, पर्यावरण और वन, उद्योगों, सिंचाई एवं जल संसाधन, परिवहन और नागरिक उड्डयन इत्यादि सभी क्षेत्रों के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में प्रदेश की लगभग 2145 अनाधिकृत आवासीय कॉलोनियों को नियमित किया गया है और आगे भी नॉर्म पूरा करने वाली अवैध कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा।

# नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष तेजिंदर सिंह को दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज बुद्धिजीवी** प्रकोष्ठ की जिला की बैठक भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। जिसमें नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सरदार तेजिंदर सिंह गोल्डी जी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी । बैठक में जिला अध्यक्ष तजेंद्र सिंह गोल्डी जी ने कहा कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ हमारा बहुत सक्रिय प्रकोष्ठ है और इस प्रकोष्ठ ने लोकसभा, विधानसभा और नगर निकाय चुनाव में घर-घर जाकर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और प्रकोष्ठ जैसे निष्ठावान और मेहनती



कार्यकताओं के कारण ही आज हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है उन्होंने कहा कि अन्य कार्यकताओं को भी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ से प्रेरणा लेकर इस प्रकार का कार्य करना चाहिए ।बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि बैठक में यह तय किया कि 30 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय नव वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा, प्रकोष्ठ के सभी साथियों ने यह फैसला लिया कि भारतीय नव वर्ष भारतीय पोशाक में मनाएंगे ।

डॉक्टर मथाना ने बताया कि सभी पुरुष सफेद पजामा-कुर्ता या धोती-कुर्ता गले में भगवा पटका तथा सभी बहने पीले वस्त्रों जैसे पीली साड़ी या पीला सूट व भगवा पटका पहनकर कार्यक्रम में पहुंचेंगे, प्रातः सवेरे 8:00 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा, उसके बाद एक बौद्धिक कार्यक्रम होगा, फिर उसके बाद सभी कार्यकर्ता अपने हाथों में भगवा ध्वज लेकर सेक्टर में संचलन करेंगे ।आज के कार्यक्रम में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर चांद दत्ता , जिला के सह संयोजक बी एल अरोड़ा, मोहिंदर मेहता , शेर सिंह सैनी ,रामपाल सहारण, समय सिंह ,धीरज गोयल एडवोकेट, नितिन गुलाटी एडवोकेट ,गुरचरण सिंह ,महेंद्र सिंह सैनी, अशोक कुमार, वीरेंद्र सिंह ,वंदना ,विजयलक्ष्मी, सीता कश्यप, प्रोफेसर एम एल ढाका, सूरज प्रकाश भारद्वाज, कैप्टन सुरेंद्र कुमार ,राम पाल डाबर ज्ञान सिंह प्रोफेसर प्रद्युमन भटनागर रमेश सिंगल पंडित प्रेम नारायण अवस्थी, सुरेंद्र गर्ग ,राजपाल, राम प्रकाश खांब्रा, ऋषि प्रकाश गुप्ता, गुलशन सैनी, प्रकाश चंद

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने झज्जर में नए केंद्र का शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर। नीट और** जेईई के लिए परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने झज्जर लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी व्यक्त की है। जिसका परिचालन जल्द शुरू होगा।इस विस्तार के साथ, एईएसएल का लक्ष्य क्षेत्र के अधिक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह कदम शीर्ष स्तरीय तैयारी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उठाया गया है, ताकि अधिक महत्वाकांक्षी छात्र आकाश




इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान की जाने वाली बेहतरीन कोचिंग तक पहुँच सकें। वर्तमान में, आकाश इंस्टीट्यूट झज्जर में 7 क्लास रूम संचालित करता है, जिसमें फाउंडेशन, नीट, जेईई और ड्रॉपर के प्रमुख स्थान शामिल हैं, जहां छात्रों ने लगातार मजबूत शैक्षणिक परिणाम दिए हैं।
लॉन्च के बारे में बात करते हुए, प्रशांत तिवारी ने कहा, 'हमें झज्जर में अपने नए केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण कदम है – छात्रों के करीब गुणवत्तापूर्ण कोचिंग लाना।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से जीएसटीए के प्रतिनिधिमंडल की हुई मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** सचिवालय, गवर्नमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर छिकारा एवं महासचिव अजय वीर यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से आधिकारिक बैठक की। इस बैठक में दिल्ली के शिक्षा बजट, तथाकथित झूठे शिक्षा मॉडल और योजनाओं पर बर्बाद किए गए बजट सहित कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।



**रिक्त शिक्षकों के पदों पर नियुक्तिः** महासचिव अजय वीर यादव ने शिक्षकों के रिक्त पदों को अविलंब भरने हेतु बजट में उचित प्रावधान सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। **गेस्ट टीचर्स का वेतन और नौकरी सुरक्षाः** गेस्ट टीचर्स के वेतन में वृद्धि एवं उनकी नौकरी की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाए जाने की मांग रखी गई।

**विद्यालयों की सुरक्षाः** स्कूल परिसरों में सुरक्षा मानकों को पूरा करने हेतु पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पर जोर दिया गया।

**शिक्षकों पर बढ़ती हिंसा रोकने हेतु कड़े कानूनः** शिक्षकों के साथ हो रही मारपीट और हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए, विद्यालय परिसरों में होने वाले अपराधों को गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में लाने हेतु कड़े कानून बनाने की चर्चा हुई।



वार्ड-17 के निगम पार्षद अजीत यादव ने भलस्वा गांव के नाई वाली गली में हो रहे नई सड़क के कार्यों और भलस्वा गांव में साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए।

# 'संसद भाषिणी' से विभिन्न भाषाओं में जानकारी उपलब्ध होगी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः लोक सभा** अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में संसद एआई सोल्यूशन के लिए लोक सभा सचिवालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के बीच मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। संसद भाषिणी का उद्देश्य संसद से जुड़े कार्यों के संचालन में विभिन्न भाषाओं की सुविधा प्रदान करने और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाने के लिए एक व्यापक इन हाउस एआई समाधान प्रदान करना है। लोक सभा सचिवालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संसदीय डेटा के संग्रह की मदद से प्रोडक्ट्स/टूल्स विकसित करने के लिए समन्वय और सहयोग पर सहमति व्यक्त की है। संसद द्वारा प्रदान किए गए संसदीय डेटा और संसाधनों का उपयोग एआई प्रोडक्ट्स/टूल्स को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। दूसरी ओर, भाषिणी से अनुवाद सुविधा और अन्य तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध होगी। इस अवसर पर उपस्थित केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को इस पहल का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि यह पहल अत्याधुनिक एआई समाधानों के माध्यम से संसदीय प्रक्रियाओं में बदलाव लाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'संसद भाषिणी' से विभिन्न भाषाओं में जानकारी उपलब्ध होगी, विधायी प्रलेखन सुव्यवस्थित होगा और प्रौद्योगिकी-संचालित शासन में भारत की स्थिति मजबूत होगी। इस अवसर पर लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह उपस्थित थे।

लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गौरव गोयल ने लोक सभा सचिवालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# पारिस्थिकी संतुलन बरकरार रखने के लिए गौरैया का संरक्षण जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** गांवों में भोर से लेकर शहरों की चहल-पहल तक गौरैया कभी हवा को अपनी खुशनुमा चहचहाहट से भर देती थीं। इन नन्हें पक्षियों के झुंड, बिन बुलाए मेहमान होने के बावजूद स्वागत योग्य, अविस्मरणीय यादें बनाते थे। लेकिन समय के साथ, ये नन्हें दोस्त हमारी जिंदगी से गायब हो गए हैं। कभी बहुतायत में पाई जाने वाली घरेलू गौरैया अब कई जगहों पर एक दुर्लभ दृश्य और रहस्य बन गई है। इन छोटे प्राणियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने और उनकी रक्षा करने के लिए, हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के



अनुसार विश्व गौरैया दिवस की शुरूआत "नेचर फॉरएवर" नामक एक पक्षी संरक्षण संगठन ने 2010 में की थी।

इसका उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी के बारे में जागरुकता बढ़ाना था। अब यह आयोजन 50 से अधिक देशों में फैल चुका है। इसका लक्ष्य गौरैयों की रक्षा करना और उनकी संख्या में कमी को रोकना है। 2012 में घरेलू गौरैया को दिल्ली का राज्य पक्षी बनाया गया। इसके बाद से इस आयोजन ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। हर जगह लोग गौरैया का जश्न मनाते हैं और उन्हें बचाने के लिए काम करते हैं। गौरैया छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पक्षी हैं, जो पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे विभिन्न कीड़ों और कीटों को खाकर कीटों की आबादी को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, गौरैया परागण और बीज प्रसार में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। उनकी उपस्थिति जैव विविधता को बढ़ाती है, जिससे वे ग्रामीण और शहरी दोनों पारिस्थितिकी तंत्रों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बन जाती हैं। भारत में गौरैया सिर्फ पक्षी नहीं हैं, वे साझा इतिहास और संस्कृति का प्रतीक हैं। हिंदी में "गोरैया" , तमिल में "कुरुवी" और उर्दू में "चिरिया" जैसे कई नामों से जानी जाने वाली गौरैया पीढ़ियों से दैनिक जीवन का हिस्सा रही हैं। वे अपने खुशनुमा गीतों से हवा को भर देती थीं, खासकर गांवों में, जिससे कई लोगों की यादें जुड़ी हुई थीं। समाज के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी होने के बावजूद गौरैया तेजी से लुप्त हो रही हैं। इस गिरावट के कई कारण हैं। सीसा रहित पेट्रोल के उपयोग से जहरीले यौगिक पैदा हुए हैं, जो उन कीटों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिन पर गौरैया भोजन के लिए निर्भर हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थान भी छीन लिये हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थानों को छीन लिया है। आधुनिक इमारतों में वे स्थान नहीं होते, जहां गौरैया घोंसला बना सकें, जिससे उनके बच्चों को पालने के लिए जगह कम हो गई है।

# टाइटलर के खिलाफ सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामले में फॉरेंसिक विभाग के सीनियर साइंटिफिक अफसर का बयान दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट में आज 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के आरोपित जगदीश टाइटलर के खिलाफ दर्ज मामले में फॉरेंसिक विभाग के सीनियर साइंटिफिक अफसर अमितोष कुमार के बयान दर्ज किए गए। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 04 अप्रैल को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान फॉरेंसिक विभाग के सीनियर साइंटिफिक अफसर अमितोष कुमार ने अपना बयान दर्ज कराया। जगदीश टाइटलर की ओर से पेश वकील अनिल कुमार शर्मा ने अमितोष कुमार का क्रॉस-एग्जामिनेशन किया। इसके पहले 07 मार्च को कोर्ट में फॉरेंसिक अधिकारी एस इंग्रासल का क्रॉस-एग्जामिनेशन किया गया था। 07 फरवरी को कोर्ट ने फॉरेंसिक लेबोरेटरी के दूसरे अधिकारी का बयान दर्ज किया गया था। इसके पहले 28 जनवरी को टाइटलर के आवाज के नमूने रिकॉर्ड करने वाले फॉरेंसिक लेबोरेटरी के अधिकारी का बयान दर्ज किया गया था। कोर्ट में जगदीश टाइटलर के रिकॉर्डेड आवाज के नमूने को कोर्ट में प्ले किया गया था। 12 नवंबर 2024 को इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रॉस-एग्जामिनेशन किया गया था। जगदीश टाइटलर की ओर से अनिल कुमार शर्मा ने इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रॉस-एग्जामिनेशन किया। 03 अक्टूबर 2024 के इस मामले में शिकायतकर्ता लखविंदर कौर ने अपना बयान दर्ज कराया था। लखविंदर कौर ने कहा था कि ग्रंथी सुरेंदर सिंह ने उन्हें बताया कि उनके पति बादल सिंह को गुरुद्वारा पुलबंगश के पास भीड़ ने हत्या कर दी। जगदीश टाइटलर उस भीड़ को उकसा रहे थे और कह रहे थे कि सिखों को मार दो, उजाड़ दो, गुरुद्वारा को आग लगा दो। टाइटलर ने राऊज एवेन्यू की ओर से आरोप तय करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है जो अभी लंबित है। हाई कोर्ट ने 11 नवंबर 2024 को राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रायल की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा चलेगा। कोर्ट ने 30 अगस्त 2024 को टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 153अ, 188, 109, 295, 380, 302 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर की ओर से पेश वकील मनु शर्मा ने कहा था कि सीबीआई ने इस मामले में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। उन्होंने कहा कि 2009 में सह-आरोपित सुरेश कुमार पानेवाला के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया गया था जिसे ट्रायल कोर्ट ने बरी कर दिया। मनु शर्मा ने कहा कि 1984 से 2022-23 तक इस मामले में कोई गवाह नहीं था। इतने लंबे समय बाद बनाए गए गवाहों पर भरोसा कैसे किया जा सकता है। 04 अगस्त 2023 को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत दी थी।

# अब तक 55.02 करोड़ जन-धन खाते खुले, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 36.63 करोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः देश में प्रधानमंत्री** जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत 07 मार्च 2025 तक कुल 55.02 करोड़ जन-धन खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 36.63 करोड़ खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में हैं। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 07 मार्च तक कुल 50.30 करोड़ नामांकन हुआ है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। चौधरी ने सदन को बताया कि अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप



इंडिया योजना और अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इन योजनाओं के तहत अधिक लोगों को नामांकित करने के लिए ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित किए जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने अगस्त, 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के नाम से राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन (एनएमएफआई) की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य बैंकिंग सुविधा से वंचित हर वयस्क को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना।

# यदुवंशी महासभा ने सांसद सुधाकर सिंह को सौंपा ज्ञापन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने को लेकर आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के तरफ से आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह बक्सर बिहार को डेलिगेशन देकर सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को संसद में उठाने की मांग की गई। इस मौके पर सुधाकर सिंह ने अहीर रेजिमेंट का समर्थन किया और संसद के इसी सत्र में सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को उठाउंगा यह भी अश्वासन दिया।

अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी बिहार रास बिहारी यादव (मंडल), राष्ट्रीय महासचिव राजबहादुर यादव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, राष्ट्रीय महासचिव जेडी यादव, राष्ट्रीय महासचिव अभय यादव, राष्ट्रीय महासचिव पारस यादव, श्रीश्याम बिहारी यादव, बहपुरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा दलितों और वंचित वर्ग के हितों को संरक्षण देने में हमेशा असफल रही हैः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में मैन्यूल सीवर की सफाई होना सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। न्यू फ्रेंडस कालोनी में मैन्यूल सीवर सफाई करते हुए पंथ लाल की मौत हुई और राम किशन व शिवदास की हालत गंभीर है परंतु दिल्ली जल बोर्ड द्वारा यह कह कर पल्ला झाड़ना कि यह अनाधिकृत तौर पर मैनहोल में उतरे और यह दिल्ली जल बोर्ड के स्थाई और संविदा कर्मचारी नही है, पूरी तरह



असंवेदनशील और मानवता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि पंथ लाल की मौत और गंभीर रुप से घायल कर्मचारियों को मुआवजा देने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं हस्तक्षेप करें। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह चिंताजनक है कि करोड़ों रुपये मशीनों द्वारा सीवर सफाई के नाम पर खर्च होने के बावजूद राजधानी में सीवर की मैन्यूल सफाई होती है जिसमें निर्दोष लोगों की मौत होती है। जबकि सीवरों की मशीनीकृत सफाई के लिए पेशेवर प्रशिक्षित लोगों द्वारा की जानी चाहिए जो नगर पालिका और संबधित विभाग की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के अनुबंधित कांट्रेक्टर द्वारा सीवर सफाई का काम किया जा रहा था, जिसकी पूरी जिम्मेदारी दिल्ली जल बोर्ड की है। यह अत्यंत गंभीर है कि बिना सुरक्षा उपकरणों के यह लोग सीवर की सफाई करने उतरे। जब काम का ठेका दिल्ली जल बोर्ड ने दिया तो यह जिम्मेदारी भी दिल्ली जल बोर्ड की है कि कैसे बिना सुरक्षा उपकरणों के लोग सीवर में सफाई के लिए उतरे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा 15 वर्ष निगम की सत्ता में रही, 11 वर्षों से केन्द्र में है और दिल्ली में भाजपा की नवनिर्मित सरकार बनाई है। भाजपा हमेशा गरीबों, दलितों और वंचितों के हितों का संरक्षण करने के मामले में कभी संवेदनशील नहीं रही है।

# कोर्ट ने कम गंभीर अपराधों के आरोपितों को ट्रायल कोर्ट से जमानत न मिलने पर एतराज जताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट** ने कम गंभीर अपराधों के आरोपितों को ट्रायल कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर कड़ा एतराज जताया है।

जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश को पुलिस स्टेट की तरह काम नहीं करना चाहिए, जहां एजेंसियां बिना किसी ठोस वजह के लोगों को हिरासत में लेने के लिए मनमानी शक्तियों का प्रयोग करती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दो दशक पहले जमानत याचिकाएं हाई कोर्ट तक भी नहीं आती थीं। गुजरात के ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट की ओर से एक आरोपित की जमानत याचिका खारिज करने को



चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने दो साल से जेल में बंद आरोपी को रिहा करने का आदेश दिया। इस मामले में जांच पूरी होने और चार्जशीट दाखिल होने के बाद भी ट्रायल कोर्ट और गुजरात हाई कोर्ट ने आरोपित की जमानत याचिका खारिज कर दिया था।

# राहुल गांधी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात की

**नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष** के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को नई दिल्ली में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और



लक्सन के बीच सोमवार को हुई वार्ता के एक दिन बाद हुई, जब भारत और न्यूजीलैंड ने रक्षा संबंधों और इंडो-पैसिफिक में सहयोग को संस्थागत बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी समझौता किया था। लक्सन ने बाद में नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, न्यूजीलैंड में हिंदू समुदाय ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। आज दिल्ली में, मैंने कई कीवी-हिंदुओं के लिए पवित्र स्थान- बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में अपना सम्मान अर्पित किया।

# यूरोपीय संसद के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यसभा के उपसभापति से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः यूरोपीय संसद** की अध्यक्ष एंजेलिका निबलर के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार संसद भवन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत करते हुए हरिवंश ने दिसंबर 2023 में भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ संबंधों के बारे में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और यूरोपीय संसद की सुरक्षा और रक्षा संबंधी उप-समिति (एसईडीई) के सदस्यों से हुई पिछली बैठकों का स्मरण किया। हरिवंश ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच उल्लेखनीय



समानता रही है- दोनों ही विश्व की सबसे बड़ी एवं जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं, खुले बाजार की अर्थव्यवस्थाएं और बहुलवादी समाज हैं। भारत और यूरोपीय संघ के बीच 2004 से प्रारंभ हुई रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित करते हुए, हरिवंश ने उल्लेख किया कि यह संबंध व्यापार, प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, सतत विकास, कनेक्टिविटी, रक्षा, अंतरिक्ष, गतिशीलता, शिक्षा तथा जन संपर्क जैसे विविध क्षेत्रों में और अधिक सशक्त एवं विस्तारित हुआ है।

# पैसे वापस करो... IPL 2025 से पहले RCB के अनबॉक्स इवेंट पर मचा बवाल, फैंस का फूटा गुस्सा



नई दिल्ली. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पिछले कुछ सालों से आईपीएल की शुरुआत से पहले अपने फैंस के लिए आरसीबी अनबॉक्स इवेंट का आयोजन करती है. इस बार भी 17 मार्च को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 'अनबॉक्स 2025' इवेंट रखा गया. इस इवेंट में फैंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूरे स्क्वॉड से मिलने का मौका मिलता है. लेकिन इस बार इवेंट के दौरान एक बड़ा बवाल भी देखने को मिला. सोशल मीडिया पर फैंस आरसीबी की टीम से नाराज नजर आए.

**RCB** की टीम पर फैंस का फूटा गुस्सा

आरसीबी अनबॉक्स इवेंट के दौरान भारी संख्या में फैंस स्टेडियम में मौजूद थे. आरसीबी ने इस इवेंट के दौरान अपनी नई जर्सी का अनावरण किया. इसके साथ-साथ वैश्विक डीजे टिमी ट्रम्पेट और स्थानीय कलाकारों की परफॉर्मेंस भी देखने को मिली. कर्नाटक की व्हीलचेयर क्रिकेट टीम भी इवेंट में शामिल हुई. फैंस के लिए इस इवेंट की लाइव स्ट्रीमिंग भी उपलब्ध थी. लेकिन उसके लिए 99 रुपए के सब्सक्रिप्शन की जरूरत थी. भारी संख्या में फैंस ने 99 रुपए खर्च करके इस इवेंट को देगा. लेकिन लाइव स्ट्रीमिंग की वीडियो क्वालिटी देखकर फैंस को गुस्सा फूट गया.

फैंस को स्ट्रीमिंग में बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसमें बफरिंग, देरी और खराब स्ट्रीमिंग क्वालिटी शामिल थी. ऐसे में कई फैंस ने अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया, खासकर एक्स (पूर्व में ट्विटर) का रुख किया. इस दौरान फैंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम से पैसे वापस करने की मांग की. बता दें, आरसीबी ने पिछले सीजन में भी यह आयोजन किया था और फैंस को तब भी इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन आरसीबी प्रबंधन ने इससे सबक नहीं लिया.

नए कप्तान के साथ उतरेगी **RCB**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस बार अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च से करेगी. उसका सामना डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा. ये मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा. आरसीबी इस बार रजत पाटीदार की कप्तानी में खेलेगी. वहीं, विराट कोहली के साथ-साथ फिल साल्ट, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या, जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ी भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं.

# आस्ट्रेलिया में क्लब मैच के दौरान पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर की मौत



एडीलेड . पाकिस्तानी मूल के एक क्लब क्रिकेटर जुनैद जफर की यहां भीषण गर्मी के बीच खेले गए स्थानीय मैच के दौरान मैदान पर गिरने से मौत हो गई। 40 वर्ष से अधिक उम्र के खान पिछले शनिवार को प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस के खिलाफ ओल कोंकोर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिये खेल रहे थे।

रिपोर्ट के अनुसार 40 ओवर तक फील्डिंग और सात ओवर बल्लेबाजी के बाद खान चार बजे मैदान पर गिर पड़े। दक्षिण आस्ट्रेलिया इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है और मौसम विभाग के अनुसार उस समय तापमान 40 डिग्री से ऊपर था। एडीलेड टर्फ क्रिकेट संघ नियमों के अनुसार तापमान 42 डिग्री से ऊपर रहने पर मैच रद्द कर दिया जाना चाहिए।

खान के क्लब ने कहा, 'हम अपने क्लब के अहम सदस्य के निधन से दुखी हैं। कोंकोर्डिया कॉलेज ओवल पर खेलते समय उनकी तबीयत बिगड़ी और सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके परिवार, दोस्तों और टीम के प्रति हमारी संवेदनाएं। खान 2013 में आईटी उद्योग में काम के लिये पाकिस्तान से एडीलेड आए थे।

# पिच बनाने वाले की वजह से वेंकटेश अय्यर को मिले 23.75 करोड़ रुपये, IPL 2025 से पहले बड़ा खुलासा



नई दिल्ली.IPL 2025 की उलटी गिनती अब शुरू हो चुकी है. 22 मार्च से लीग के नए सीजन का पहला मैच खेला जाएगा. लेकिन, IPL 2025 की पहली गेंद फेंकी जाए, उससे पहले एक बड़ा खुलासा हुआ है. ये खुलासा वेंकटेश अय्यर को लेकर है, जिन्हें IPL 2025 के मेगा ऑक्शन में अपनी बेसप्राइस से 11 गुना ज्यादा रकम मिली है. बाएं हाथ के ऑलराउंडर को रिटेन ना करने के बाद ऑक्शन में खरीदने के लिए चयक्र फ्रेंचाइजी ने 23.75 करोड़ रुपये तक खर्च किए थे. चयक्र के इतनी बड़ी रकम खर्च करने के पीछे एक वजह थी. वेंकटेश अय्यर को इतने पैसे उस सलाह के चलते मिले थे, जो पिच बनाने वाले ने चयक्र के हेड कोच चंद्रकांत पंडित को दिए थे. हम यहां ईडन गार्ड्न्स के पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी की बात कर रहे हैं.

पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी की सलाह से वेंकटेश की चमकी किस्मत

दरअसल, वो ईडन के पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी ही थे, जिन्होंने चंद्रकांत पंडित को वेंकटेश अय्यर का सही से इस्तेमाल करने की सलाह दी थी. हाल ही में एक इंटरव्यू में सुजान मुखर्जी ने बताया कि उन्होंने पिछले साल ही चयक्र के हेड कोच चंद्रकांत पंडित से कहा था कि वो वेंकटेश अय्यर को सही तरीके से यूज करेंगे तो वो उन्हें मैच जिताकर दे सकता है. उन्होंने कहा कि चंद्रकांत पंडित ने पिछले IPL सीजन में मेरे कहे मुताबिक किया और उन्हें रिजल्ट मिला. वेंकटेश अय्यर ने अच्छा परफॉर्म किया, सुजान मुखर्जी ने कहा कि अब जब इस साल चंद्रकांत पंडित मुझसे मिले तो उन्होंने वेंकटेश अय्यर को लेकर धन्यवाद कहा.

IPL 2024 में बेजोड़ प्रदर्शन, IPL 2025 में मिले 23.75 करोड़

IPL 2024 में वेंकटेश अय्यर ने 158.79 की स्ट्राइक रेट से 370 रन ठोके और कोलकाता नाइट राइडर्स की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई. वेंकटेश का इससे बेहतर स्ट्राइक रेट पिछले किसी भी IPL सीजन में देखने को नहीं मिला. और, ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्रकांत पंडित ने वेंकटेश का सही इस्तेमाल किया. IPL 2024 में वेंकटेश अय्यर के उसी धांसू परफॉर्मेन्स का नतीजा रहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स IPL रु2025 के ऑक्शन में उन्हें खरीदने के लिए हर बोली से पार पाने को तैयार दिखी. उसने उन्हें IPL कार्ड का इस्तेमाल करते हुए 23.75 करोड़ रुपये में खुद के साथ बनाए रखने का फैसला किया.

शाहरुख से पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी के अच्छे रिश्ते

सुजान मुखर्जी के मुताबिक शाहरुख खान से उनके बेहद अच्छे संबंध हैं. ये रिश्ता भाईचारे वाला है. शायद ये भी एक वजह है कि उनके कहे पर चयक्र मैनेजमेंट ने अमल करके देखा और नतीजा उनके हाथ लगा.

उम्मीद यही है वेंकटेश अय्यर IPL2025 में भी अपने ऊपर जताए फ्रेंचाइजी के भरोसे पर खरे उतरने की कोशिश करेंगे.

# गिल को आंख दिखाने वाला खिलाड़ी पाकिस्तानी टीम से किया गया बाहर, सलमान आगा का बड़ा फैसला

नई दिल्ली. पाकिस्तान की टीम इस समय न्यूजीलैंड के दौरे पर है. दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज का दूसरा मैच डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जा रहा है. पाकिस्तान के लिए ये मैच काफी अहम है. दरअसल, इसे शुरुआती मैच में 9 विकेट से एक करारी हार का सामना करना पड़ा था. ऐसे में पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने एक बड़ा फैसला लिया. पिछले मैच में टीम के लिए इकलौता विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज को ही उन्हें प्लेइंग 11 से बाहर कर दिया.

प्लेइंग 11 से बाहर किया गया ये खिलाड़ी

पाकिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच ये मैच बारिश के चलते देरी से शुरू हुआ. जिसके चलते अब ये मैच 15-15 ओवर का खेला जा रहा है. इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने एक बड़ा बदलाव किया है. स्पिनर अबरार अहमद को प्लेइंग 11 से बाहर का रास्ता दिखाया गया है. वहीं, तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की टीम में एंट्री हुई है. हारिस रऊफ इस सीरीज का पहला मैच नहीं खेले थे. हालांकि, अबरार अहमद ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था. उन्होंने 2.1 ओवर में 15 रन खर्च करके एक विकेट लिया था. उनके अलावा



कोई भी पाकिस्तानी गेंदबाज विकेट हासिल नहीं कर सका था.

बता दें, मुकाबले से पहले डुनेडिन में काफी बारिश हुई है, अबरार अहमद को प्लेइंग 11 से बाहर करने का ये एक बड़ा कारण हो सकता है. गीली आउटफील्ड के बाद स्पिनर्स के लिए गेंदबाजी करना काफी मुश्किल होता है. ये वही अबरार अहमद हैं जो चैंपियंस ट्रॉफी में शुभमन गिल को आउट करने के बाद अपने सेलिब्रेशन के स्टाइल को लेकर चर्चा में आए थे. उन्होंने काफी अजीबोगरीब तरीके से विकेट के जश्न मनाया था. वह गुस्से में गिल को आंख दिखाए हुए भी नजर आए थे.

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

पाकिस्तान- मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), हसन नवाज, सलमान आगा (कप्तान), इरफान खान, शादाब खान, खुशदिल शाह, अब्दुल समद, जहांदाद खान, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, मोहम्मद अली.

न्यूजीलैंड- टिम सिफर्ट, फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, मिचेल हे (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), जैकरी फॉल्क्स, ईश सोढ़ी, बेन सियर्स, जैकब डफी.

# IPL 2025: वैभव सूर्यवंशी के बल्ले की दिखी 'आग', कोच को भरोसा- अपने दिन पर अकेले मैच जिता देगा

वैभव सूर्यवंशी ने IPL 2025 का ट्रेलर दिखाना IPL 2025 की नेट्स पर शुरू कर दिया है. राजस्थान रॉयल्स ने उनकी आग उगलती उस जबरदस्त बैटिंग प्रैक्टिस का वीडियो शेयर किया है. इतना ही नहीं वैभव के कोच ने कहा है कि अपने दिन पर वो किसी टीम का गणित बिगाड़ सकता है.



नई दिल्ली. IPL 2025 शुरू हो रहा है. नजरें तो वैसे सारे खिलाड़ियों के खेल पर होगी. लेकिन, 13 साल के वैभव सूर्यवंशी सबका ध्यान खींचकर रखेंगे. ऐसा इसलिए क्योंकि IPL की बिसात बिछने से पहले ही इनके खेल को लेकर गजब का जुनून क्रिकेट फैंस पर देखने को मिला है. इनकी पावरहिटिंग की चर्चा क्रिकेट के गलियारों में हो रही है. और, कोच के उस बयान के बाद तो, वैभव सूर्यवंशी पर नजरें टिकाए रखना और भी जरूरी हो जाता है, जिसमें उन्होंने कहा कि अपने दिन पर वो अकेले ही मैच जिता सकते हैं.

अपने दिन पर अकेले मैच जिता देगा वैभव- कोच

हम यहां वैभव सूर्यवंशी के कोच मनीष ओझा की बात कर रहे हैं. IPL 2025 के ऑक्शन में वैभव के 1.10 करोड़ में बिकने के बाद हिंदी से मनीष ओझा की बात हुई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि अपने दिन पर वो मैच जिताकर लौटने वाला खिलाड़ी है. इसके अलावा वैभव के कोच ने उनकी दो और बड़ी ताकतों के बारे में भी बताया था.

वैभव सूर्यवंशी ने नेट्स पर उगली 'आग'

IPL 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, जहां वैभव सूर्यवंशी राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा हैं. राजस्थान की टीमIPL 2025 में अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को करेगी. लेकिन, उससे पहले ही वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले का जोर दिखाना शुरू कर दिया. वो अपनी टीम की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे या नहीं, उसकी परवाह ना करते हुए नेट्स पर करारे शॉट्स की गजब आग उगली है. वैभव सूर्यवंशी के बल्ले की दिखी आग का वीडियो राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया है.

कोच ने बताई वैभव सूर्यवंशी की 3 बड़ी ताकत

इस वीडियो में वैभव सूर्यवंशी को छक्के-चौकों में डील करते हुए देखा जा सकता है. उनके कोच मनीष ओझा की मानें तो ये बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव की 3 बड़ी ताकतों में से एक है. कोच ने कहा था कि ये उनमें भरा कॉन्फिडेंस है, जो उन्हें गेंदों पर छक्के-चौके लगाने का हौसला देता है. कोच ने बताया कि वो जो भी करते हैं पूरे यकीन से करते हैं. उनके मुताबिक वैभव का मानना रहा है कि जिस गेंद पर वो सिक्स लगा सकते हैं, उस पर सिंगल-डबल क्यों लें?

कोच मनीष ओझा के मुताबिक वैभव सूर्यवंशी की एक और बड़ी ताकत उनकी किसी भी कंडीशन और माहौल में ढल जाने की है. वो पिच के मिजाज के मुताबिक खेलते हैं.

# NZ vs PAK: पाकिस्तान पर फिर टूटा 25 साल के इस बल्लेबाज का कहर, 78 गेंदों में ठोके 21 छक्के

नई दिल्ली. पाकिस्तान की टीम न्यूजीलैंड दौरे पर है, जहां उसे लगातार दूसरे T20 मैच में हार का सामना करना पड़ा है. ये मुकाबला डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान पर खेला गया, जहां 25 साल के कीवी बल्लेबाज फिन एलेन के सामने पाकिस्तान की गेंदबाज एक बार फिर पानी मांगता दिखा. दरअसल, डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल ग्राउंड पर फिन एलेन का रिकॉर्ड वैसे ही विस्फोटक है. और अगर पाकिस्तान सामने होता है तो फिर उनके बल्ले का मुंह और भी ज्यादा खुल जाता है. उनके बल्ले से फिर चौके कम और छक्के ज्यादा बरसते हैं और यही दूसरे ट्20 में भी हुआ.

उसी मैदान पर पाकिस्तान को देख खूब चला फिन का बल्ला

पाकिस्तान के खिलाफ मौजदा ट्20 सीरीज के दूसरे मैच में 25 साल के फिन एलेन ने 237 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की. उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों में ही 38 रन जड़ दिए, जिसमें छक्के 5 शामिल रहे मगर चौका सिर्फ 1 ही लगाया.

ऐसा पहली बार नहीं जब पाकिस्तान को देखकर



डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल पर फिन एलेन के बल्ले का मन मचला है. 14 महीने पहले जो पाकिस्तान का हाल इन्होंने किया था, वो और भी बुरा था. पाकिस्तान के खिलाफ 17 जनवरी 2024 को खेले उस ट्20 मुकाबले में फिन एलेन ने 62 गेंदों में 137 रन जड़े थे, जिसमें 16 छक्के शामिल रहे थे. वहीं चौके उन्होंने बस 5 ही मारे थे.

टोटल 31 छक्कों में अकेले पाकिस्तान के खिलाफ जड़े 21 छक्के

कुल मिलाकर देखें तो पाकिस्तान के खिलाफ डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल पर खेले 2 ट्20 मैचों में फिन एलेन ने 78 गेंदों का सामना किया है, जिसमें 21 छक्के लगाते हुए 175 रन जड़े हैं. कमाल की बात ये भी है कि इस मैदान पर ट्20 इंटरनेशनल में फिन एलेन ने अब तक कुल 125 गेंदों का सामना करते हुए 31 छक्के जड़े हैं, जिसमें 21 छक्के, 78 गेंदों पर अकेले पाकिस्तान के खिलाफ हैं. ये रिकॉर्ड डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल पर पाकिस्तान के खिलाफ उनके एकतरफा दबदबे की कहानी कहता है.

न्यूजीलैंड ने दूसरे ट्20 में पाकिस्तान को हराया

बारिश के चलते दूसरा ट्20 15-15 ओवर का खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 15 ओवर में 9 विकेट पर 135 रन बनाए थे. न्यूजीलैंड ने 136 रन के लक्ष्य को फिन एलेन और टिम सिफर्ट की दिलाई जोरदार शुरुआत के दम पर 13.1 ओवर में ही 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की ट्20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है.

# शाहिद अफरीदी के दामाद की हुई बुरी तरह धुनाई, एक ही ओवर में खा गया इतने छक्के

नई दिल्ली. न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच बारिश के चलते 15-15 ओवर का खेला गया. दोनों टीमों का आमना-सामना डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में हुआ. इस मुकाबले में शाहिद अफरीदी के दामाद शाहीन अफरीदी की बुरी तरह धुनाई देखने को मिली. न्यूजीलैंड के ओपनर टिम सिफर्ट ने उन्हें आड़े हाथ दिया और एक ही ओवर में छक्कों की लाइन लगा दी. शाहीन अफरीदी पावरप्ले के अच्छे गेंदबाज माने जाते हैं, लेकिन इस मैच में इसका उलटा देखने को मिला.

शाहीन अफरीदी ने फेंका महंगा ओवर

शाहीन अफरीदी ने इस मुकाबले की शुरुआत काफी अच्छे तरह से की थी. वह न्यूजीलैंड की पारी के दौरान पहला ओवर मेडन फेंकने में कामयाब रहे थे. लेकिन जब वह मुकाबले में अपना दूसरा ओवर फेंकने आए तो उनका सामना टिम सिफर्ट से हुआ. टिम सिफर्ट ने इस ओवर की शुरुआत छक्के के साथ की. उन्होंने शाहीन अफरीदी की दूसरी गेंद पर एक और छक्का जड़ा. इसके बाद शाहीन ने वापसी करते हुए तीसरी गेंद पर रन खर्च नहीं किया और चौथी गेंद



**न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने एक महंगा ओवर फेंका. शाहीन अफरीदी के इस ओवर में न्यूजीलैंड के ओपनर टिम सिफर्ट ने छक्कों की बारिश कर दी.**

पर 2 रन आए. मगर, टिम सिफर्ट ने ओवर की आखिरी 2 गेंदों पर लगातार दो छक्के लगाकर ओवर को काफी महंगा बना दिया. शाहीन ने ओवर में कुल 26 रन खर्च किए.

शाहीन अफरीदी से पहले मोहम्मद अली के ओवर में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला था. फिन एलन ने मोहम्मद अली के इस ओवर में कुल 3 छक्के लगाए थे और 18 रन बटोरे थे. यानी न्यूजीलैंड ने पहले ओवर में कोई रन बनाने के बाद भी 3 ओवर में कुल 44 रन ठोक दिए. हालांकि, न्यूजीलैंड ने 66 रन पर टिम सिफर्ट के रूप में अपना पहला विकेट गंवाया. टिम सिफर्ट ने 22 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 5 छक्के शामिल रहे.

पाकिस्तान ने बोर्ड पर लगाए 135 रन

न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाने में कामयाब रही. सलमान आगा ने 28 गेंदों पर 46 रनों की कप्तानी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे. उनके अलावा शादाब खान ने 26 रनों का योगदान दिया.

# पाई-पाई का हिसाब देगा ये करोड़पति खिलाड़ी... प्रैक्टिस मैच में 47 गेंदों पर 107 रन ठोककर दिखाया दम

नई दिल्ली. IPL 2025 में कई खिलाड़ी करोड़पति बनकर उभरे. सबसे कम उम्र के करोड़पति वैभव सूर्यवंशी से लेकर सबसे महंगे बिकने वाले ऋषभ पंत तक सबका नाम हुआ. लेकिन, हम जिसकी बात कर रहे हैं वो करोड़पति खिलाड़ी हैं वेंकटेश अय्यर. कोलकाता नाइट राइडर्स ने भरोसा दिखाते हुए IPL 2025 के मेगा ऑक्शन में बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर को 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा है. अब मौका है अपने ऊपर लगाई उस बोली की पाई-पाई का हिसाब देने का. और, वेंकटेश अय्यर ने प्रैक्टिस मैच में उसका ट्रेलर भी दिखा दिया है.

IPL के प्रैक्टिस मैच छाए वेंकटेश अय्यर

IPL 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है. पहला ही मैच कोलकाता नाइट राइडर्स का है. लीग के नए सीजन के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन को अपने होम ग्राउंड पर ऋष्क्र की चुनौती का सामना करना है. मगर उस चुनौती से पहले IPL ने अपनी तैयारियों को खुद ही इंट्रा स्क्वॉड मैच खेलकर परखा. कोलकाता नाइट राइडर्स ने अब तक दो इंट्रा स्क्वॉड मैच खेले और उन दोनों में IPL 2025 के लिए चयक्रके उप-कप्तान बनाए गए वेंकटेश अय्यर का प्रदर्शन धमाकेदार रहा.

पाई-पाई का हिसाब देने को तैयार वेंकटेश

वेंकटेश अय्यर ने दोनों ही मैचों में तूफानी पारी खेली. पहले प्रैक्टिस मैच में जहां वो 26 गेंदों पर 61 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए. वहीं, दूसरे प्रैक्टिस मैच में 21 गेंदों पर 46 रन जड़े. अब अगर दोनों प्रैक्टिस मैच में उनके परफॉर्मेन्स को जोड़कर देखें तो उन्होंने कुल 47 गेंदों का सामना करते हुए उस पर 107 रन जड़े. साफ है कि वेंकटेश अय्यर ना सिर्फ अपने ऊपर जताए चयक्र टीम मैनेजमेंट के भरोसे पर खरे



उतर रहे हैं बल्कि खुद पर खर्च किए 23.75 करोड़ की पाई-पाई का हिसाब भी ढ्ढक्क 2025 में देने को बेताब दिख रहे हैं.

प्रैक्टिस में दिखाया ट्रेलर, मैच में दिखेगी फिल्म?

फ्रेंचाइजी ने पिछले सीजन भी वेंकटेश अय्यर पर भरोसा दिखाया था. उसके बाद क्या हुआ था ये सबने देखा था. वेंकटेश अय्यर ने IPL में अपनी अब तक सबसे बेहतरीन स्ट्राइक रेट (158.79) के साथ पिछले सीजन में बल्लेबाजी की थी. इस बार दाम ज्यादा मिले हैं तो जाहिर है कि और ज्यादा काम की उम्मीद भी होगी. देखना ये है कि प्रैक्टिस मैच वाले ट्रेलर को देखने के बाद वेंकटेश अय्यर की बल्लेबाजी की फिल्म IPL 2025 के पर्दे पर कैसी दिखती है?

**प्रैक्टिस मैच में इस करोड़पति खिलाड़ी का बल्ला जिस तरह से रन उगल रहा है, अगर वैसे ही IPL के मैच में भी चला तो फिर उस पर जो बड़ी बोली लगाई गई है, उसकी पाई-पाई वसूल होती दिख सकती है.**

वेंकटेश अय्यर ने जैसा प्रदर्शन प्रैक्टिस मैच में करके दिखाया है. अगर, वो वैसे ही खेल की नुमाइश IPL मैच में भी करते हैं तो इसमें कोई दो राय नहीं कि वो कोलकाता नाइट राइडर्स की बड़ी ताकत बनकर उभर सकते हैं. चयक्र

फास्ट न्यूज

## खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में नहीं रुक रहे हमले

**टीम एक्शन इंडिया**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी हमले नहीं रुक रहे। पिछले 24 घंटों में ऐसे ही एक हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि हथियारबंद मोटरसाइकिल सवारों ने बन्नू में मीरामशाह रोड पर हेड कांस्टेबल अरमान खान को निशाना बनाया। पुलिसकर्मी न्यायिक परिसर में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। डान अखबार की खबर में यह भी बताया गया है कि लक्की मरवात पुलिस ने रविवार देर रात सेराई गाम्बिला कस्बे में एक पुलिस स्टेशन पर हुए आतंकवादी हमले को विफल कर दिया। आतंकवादियों से करीब 15 मिनट तक चली मुठभेड़ में सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। पुलिस ने दो दिन के अभियान के बाद कुर्रम पार इलाके में आतंकवादियों के पहाड़ी ठिकानों को नष्ट करने का दावा किया है। आतंकवादियों ने दादिवाला पुलिस स्टेशन और अब्बास खट्टक पुलिस चौकी पर हमला किया था। इसके बाद यह अभियान शुरू किया गया। इस दौरान भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। इसके अलावा पुलिस और सीटीडी कमांडो ने बन्नू में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मचारी अरमान खान की जान चली गई। पुलिस के अनुसार पेशावर के पास चमकनी इलाके में हुए एक हमले में एएसआई तारिक खान घायल हो गया। खान को अस्पताल ले जाया गया है। वह स्कूल ऑफ इन्वेस्टिगेशन मेरा कचोरी में तैनात थे। सेना ने कहा कि सोमवार को खैबर जिले में सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए।

## बिहार विधानसभा: प्रश्नकाल की शुरूआत हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** बिहार विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल की शुरूआत हुई। प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी सदन में मौजूद हैं। प्रश्नकाल के दौरान ललित यादव ने शिक्षा विभाग से जुड़ा सवाल उठाया। मंत्री सुनील कुमार के जवाब से विपक्षी विधायक संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद हंगामा करने लगे. राजद-माले विधायक शोर गुल करते हुए वेल में पहुंच गए। इस दौरान रिपोर्टर टेबल को पीटने लगे। हंगामा कर रहे विधायकों ने जब टेबल को पलटने की कोशिश की, इसके बाद स्पीकर नंदकिशोर यादव गुस्से में आ गये।

# योगीराज में विकास का पर्याय बना उत्तर प्रदेश

## सीएम योगी के मार्गदर्शन में यीडा के माध्यम से विकास के नए आयाम गढ़ रहा पश्चिमी उत्तरप्रदेश

**नए कीर्तिमान**

▶▶ विभिन्न औद्योगिक पार्कों के विकास से राज्य न केवल निवेश आकर्षित कर रहा हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के माध्यम से विगत 8 वर्षों से निरंतर औद्योगिक और आर्थिक प्रगति की नई मिसाल बन रहा है। जेवर में देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और विभिन्न औद्योगिक पार्कों के विकास से राज्य न केवल निवेश आकर्षित कर रहा है, बल्कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी अग्रणी बन रहा है। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट (यूपीजीआईएस-2023) और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-04) जैसे आयोजनों ने इस प्रगति को और मजबूती दी है।

**निवेश और रोजगार का नया दौर:** यूपीजीआईएस-2023 में यीडा ने 165 एमओयू के जरिए 1,88,970.18 करोड़ रुपए का निवेश हासिल किया, जो तय लक्ष्य से 236.21% अधिक है। इससे 4,53,339 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। वहीं, जीबीसी-04 में 45,148.41 करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतारा गया, जो लक्ष्य से 103.19% अधिक है और 1,32,663 लोगों को रोजगार देने में मददगार बन रहा है।

**क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास:** विगत 8 वर्षों में यीडा ने एमएसएमई पार्क, टॉय सिटी, हैंडीक्राफ्ट पार्क, अपैरल पार्क, डाटा सेंटर पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे क्लस्टर आधारित उद्योगों का विकास किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में 152 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के साथ 27,521.99 करोड़ रुपए का निवेश और 16,405 रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

**मेडिकल डिवाइस पार्क की शुरूआत**

सेक्टर-28 में 439.40 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 74 भूखंडों का आवंटन हो चुका है। इससे 3,800 करोड़ रुपए का निवेश और 15,000 रोजगार सृजित होंगे। इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

**जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी बने विकास के नए आयाम**

**जेवर** में 1,334 हेक्टेयर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पीपीपी मॉडल पर आधारित है। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी द्वारा प्रथम चरण में 5,730 करोड़ रुपए के निवेश से 12 मिलियन यात्रियों की क्षमता वाला यह एयरपोर्ट 2025 में शुरू होने जा रहा है। 72.26 किमी लंबे रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) से जेवर एयरपोर्ट को गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से जोड़ा जाएगा। 20,637 करोड़ रुपए की इस परियोजना का डीपीआर भारत सरकार को भेजा गया है। इसी तरह, सेक्टर-21 में 1,000 एकड़ में बन रही अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के पहले चरण में बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी 230 एकड़ में निर्माण कर रही है। यह परियोजना रोजगार और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी। एयरपोर्ट और फिल्म सिटी से पर्यटन, विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि होगी, जिससे क्षेत्र का संरचनात्मक विकास होगा।

**औद्योगिक पार्क और रोजगार के नए अवसर:** ब्रज विकास परिषद के सुझाव पर श्री बांकेबिहारी मंदिर के पास हेरिटेज सिटी का निर्माण हो रहा है।

## उत्तरकाशी के कलस्टर विद्यालयों को मिली 15 बसें



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून से उत्तरकाशी जनपद के कलस्टर विद्यालयों में परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें विद्यालय आवागमन की सहूलियत मिलेगी। उत्तरकाशी जनपद के नगरीय क्षेत्र के 15 कलस्टर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाये जाने के लिए उत्तरकाशी जिलाधिकारी डॉ. एम.एस. बिष्ट ने जिला खनिज न्यास फाउण्डेशन की मद व अनटाइड फण्ड से 15 बस क्रय की स्वीकृति दी। प्रति बस के लिए 20 लाख की दर से कुल 03 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

**स्वीकृति**

▶▶ प्रति बस के लिए 20 लाख की दर से कुल 03 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है

## औरंगजेब कट्टर तो उसकी मूर्ति तोड़ने वाले भी कट्टर: मौर्य



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनभद्र।** महाराष्ट्र और मुंबई के बाद औरंगजेब के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश में भी सियासी पारा हाई हो गया है। अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा है कि औरंगजेब यदि कट्टर था तो उसकी मूर्ति तोड़ने वाले उससे ज्यादा कट्टर और खतरनाक हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने नागपुर में हुई हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। साथ ही उन्होने कहा, कुछ आतंकवादी हिंदू संगठन देश में अराजकता फैला रहे। उनका देश की आजादी में कोई योगदान नहीं रहा है। ऐसे लोग देश को तहस नहस कर रहे।

**सरकार लोगों को बरगलाने का कर रही काम**

वह मंगलवार को नगर के सर्किट हाउस में मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। बोले, मुद्दों से भटकाने के लिए सरकार साजिश के तहत हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद का मुद्दा छोड़ देती है, ताकि सरकार के गलत कार्यों का पर्दाफाश न हो सके। सभी मुद्दों पर फेल सरकार बहस को दूसरी दिशा में मोड़ने में कुशल है। इसी के तहत देश में औरंगजेब का मुद्दा उछाला गया है। सरकार फिजूल मुद्दों को उछालकर जनता को बरगला रही है।

बता दें मुंबई सहित महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में सोमवार को खुल्दाबाद स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद नागपुर में मुस्लिम समाज से जुड़े उपद्रवियों ने बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर जमकर पथराव और आगजनी की।

**साधा निशाना**

▶▶ कुछ आतंकवादी हिंदू संगठन देश में अराजकता फैला रहे। उनका देश की आजादी में कोई योगदान नहीं रह

## यूपी में बनेंगे 7 नए पुलिस कमिश्नरेट भवन



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात जिलों में पुलिस कमिश्नरेट भवनों के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी, लखनऊ, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, गौतमबुद्धनगर और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट भवनों के निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाएं। साथ ही आठ जिलों में प्रस्तावित पुलिस लाइन के आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर गृह विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हापुड़, चंदौली, औरैया, संभल, अमरोहा, शामली, अमेठी और कासगंज में पुलिस लाइन के आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराया जाए। जिन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है उनकी नियमित मानीटरिंग की जाए। गृह विभाग की टीम इन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य तय मानकों के अनुसार हो रहे हैं। उन्होंने इन कार्यों के प्रति फील्ड के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए हैं।

**नई पीएसी वाहिनी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।

**प्रक्रिया**

▶▶ संभल-शामली समेत 21 जिलों को भी मिला तोहफा, पुलिस लाइन के आवासीय व अनावासीय भवन

## उत्तराखंड में एकीकृत पेंशन योजना के लिए अधिसूचना जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना राज्य में एक अप्रैल से आरंभ होगी। योजना के मुताबिक राजकीय विभागों में तैनात कर्मचारियों को यह नई पेंशन योजना अवकाश प्राप्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी। वित्त सचिव डॉ पी षणुगम ने अधिसूचना राज्यपाल द्वारा अंगीकृत किए जाने के बाद लागू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद एक स्थिर और सुरक्षित जीवन प्रदान करना है।

## भारत और न्यूजीलैंड की नौसेनाएं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाएंगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रॉयल न्यूजीलैंड नौसेना के प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग ने मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान नौसेना सहयोग को मजबूत करने, समुद्री क्षेत्र, जल विज्ञान, क्षमता निर्माण और क्षमता वृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया गया। चर्चा रक्षा सहयोग समझौता ज्ञापन के अनुरूप हुई, जिससे दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी को बल मिला। अपनी इस यात्रा के दौरान गारिन गोल्डिंग नई दिल्ली और मुंबई में उच्च-स्तरीय बैठकें करके परिचालन बातचीत करेंगे। रॉयल न्यूजीलैंड नेवी के नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग 16-21 मार्च तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जिसका उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। उनकी यह यात्रा 17 मार्च को रायसीना डायलॉग में भाग लेने के साथ शुरू हुई। आज उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके भारत के वीरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई, जिसमें नौसेना संबंधों को बढ़ाने, संयुक्त प्रशिक्षण पहल और समुद्री सहयोग पर चर्चा की।

## उत्तराखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादूनः उत्तराखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। आईपीएस रिद्धिम अग्रवाल को पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं की जिम्मेदारी दी गई है। एनएस नपलच्याल को निदेशक यातायात और अनंत शंकर ताकवाले को पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अरुण मोहन जोशी को पुलिस महानिरीक्षक एसडीआरएफ और योगेंद्र सिंह रावत को पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक नियुक्त किया गया है। वहीं अरुण भारती को अपर पुलिस अधीक्षक जीआरपी



और सुरजीत सिंह पंवार को हरिद्वार जिले का अपर पुलिस अधीक्षक एटीसी बनाया गया है। लोकजीत सिंह को देहरादून में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात और स्वप्न किशोर सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ की जिम्मेदारी दी गई है जबकि जगदीश चंद्र को अपर पुलिस अधीक्षक नैनीताल बनाया गया है। उत्तराखंड सरकार ने 13 आईएएस समेत 16 अधिकारियों के दायित्व भी बदले हैं। सूची के अनुसार सचिव युगल किशोर पंत को भाषा विभाग का दायित्व दिया गया है।

**जिम्मेदारी**

▶▶ यातायात और अनंत शंकर ताकवाले को पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई

**विशेषज्ञ** योगी सरकार द्वारा जिला अस्पतालों की आईसीयू यूनिट के लिए विशेषज्ञ तैयार करने के दिखने लगे फायदे

## 1498 गंभीर मरीजों को जिले में ही मिली 'जिंदगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः प्रदेश** के सभी जिला अस्पतालों की गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) को सुदृढ़ की योगी सरकार की मंशा अब आकार लेने लगी है। जिन सात जिला अस्पतालों में आईसीयू विशेषज्ञ तैयार किए गए, उन्होंने 1498 गंभीर मरीजों को भर्ती कर स्वस्थ किया है। कुल 10 जिला अस्पतालों के आईसीयू पूर्ण रूप से सक्रिय हैं। 19 और जिला अस्पतालों के आईसीयू एक्सपर्ट प्रशिक्षित किए जा रहे हैं।

**फरवरी 2024 में सभी आईसीयू यूनिट को सुदृढ़ करने की योजना बनी**



प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप फरवरी 2024 में सभी आईसीयू यूनिट को सुदृढ़ करने की योजना बनी। केयर-अप (क्रिटिकल केयर एडवांसमेंट एंड रेडीनेस एन्हांसमेंट फॉर अपकमिंग आईसीयू प्रोफेशनल्स) कार्यक्रम के अंतर्गत चुनिंदा डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ को आईसीयू व वेंटिलेटर आपरेट करने का प्रशिक्षण देने का फैसला किया गया। सरकार ने इसकी जिम्मेदारी महारानी लक्ष्मी बाई (एमएलबी) मेडिकल कालेज, झांसी के एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अंशुल जैन को दी। डॉ अंशुल एमएलबी पैरामेडिकल कालेज के निदेशक भी हैं।

**केजीएमयू में भी प्रशिक्षित किया जा चुका है बैच**

अभी तक दो बैच झांसी और एक बैच केजीएमयू में प्रशिक्षित हो चुका है। ट्रेनिंग पाने वालों में चिकित्सक के अलावा नर्स, लैब टेक्नीशियन एवं फार्मासिस्ट शामिल हैं।

